www.akhandbharatsandesh.net

वर्ष 24, अंक 348, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज शनिवार 27 जून 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# दो महीने में 70 बार हुई चोरी

## राम मंदिर चंदा चोरी केस में चंपत राय की छुट्टी, ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा ने भी दिया इस्तीफा

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर में मिले दान में कथित हेराफेरी की जांच के दौरान, जांच अधिकारियों ने उउळश फुटेज की जांच करते हुए पाया कि 27 अप्रैल से 5 जून के बीच चोरी की 70 कोशिशें की गईं। उन्होंने बताया कि सीसीटीवी में मनीष कुमार यादव नाम के एक व्यक्ति को कई बार चोरी की कोशिश करते हुए देखा जा सकता है, लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। सूत्रों के मुताबिक, मामले की जांच कर रही स्पेशल इन्वेस्टिगेटिंग टीम (रक्ळ) ने यह भी पाया कि दान की गिनती के दौरान उसे संभालने में बड़ी खामियां थीं। टीम ने 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के फाइनेंशियल ईयर की इंटरनल ऑडिट रिपोर्ट की भी जांच की, जिसमें कई प्रक्रियात्मक कमियां सामने आईं।

SIT ने यह भी पाया कि रिकॉर्ड ठीक से नहीं रखे गए थे और इंटरनल कंट्रोल सिस्टम 'बहुत कमजोर' था। साथ ही, सूत्रों ने बताया कि सुपरवाइजरी लेवल पर जवाबदेही को लेकर भी कोई स्पष्टता नहीं थी।



अब तक 8 लोग गिरफ़्तार, और गिरफ़्तारियां हो सकती हैं

अब तक आठ आरोपियों को गिरफ़्तार किया जा चुका है, जिनमें चंपत राय के करीबी सहयोगी रमाशंकर यादव उर्फ़ टिन्नू यादव भी शामिल हैं। अन्य आरोपियों में अनुकल्प मिश्रा, अविनाश शुक्ला, करुणेश पांडे, लव कुश मिश्रा, रमा शंकर मिश्रा और सुभाष श्रीवास्तव शामिल हैं। सूत्रों ने बताया है कि रक्ळ की सिफारिश के आधार पर और लोगों की गिरफ़्तारी हो सकती है।

आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई का वादा किया

इस मामले में सख्त कार्रवाई का वादा करते हुए, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। देवरिया में एक कार्यक्रम के दौरान बोलते हुए, उन्होंने विपक्ष - समाजवादी पार्टी और कांग्रेस - पर भी इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया और कहा कि जनता की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना स्वीकार्य नहीं है। आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या हम सभी की और सनातन धर्म की आस्था का प्रतीक है। अयोध्या पर बुरी नजर न डालें। भगवान राम की गरिमा बनाए रखना सीखें। हमने कहा था कि एक रक्ळ का गठन किया गया है और इसकी रिपोर्ट मिलते ही कार्रवाई शुरू हो जाएगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आगे कहा, "रक्ळ की रिपोर्ट आई और तुरंत कार्रवाई शुरू हो गई। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि, जैसा मैंने कहा था, हम सच को झूठ से अलग करेंगे।

## राम मंदिर मामला: कइयों की ड्यूटी के बाद नहीं होती थी तलाशी, सिफारिश पर मिला था नोट गिनने का काम

**अयोध्या**

**राम** मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में गिरफ्तार किए गए सभी 8 आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार (26 जून) को अदालत में पेश किया. सूत्रों के मुताबिक, पुलिस ने कोर्ट को बताया कि शुरूआती जांच में सभी के खिलाफ चोरी के सबूत मिले हैं. पुलिस ने कोर्ट को बताया कि सीसीटीवी फुटेज में आरोपी चढ़ावे के पैसे और जेवर चोरी करते हुए दिखाई दे रहे हैं.

चढ़ावा चोरी मामले के आरोपी

- रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव
- अनुकल्प मिश्र
- अविनाश शुक्ला
- करुणेश पांडेय
- लवकुश मिश्र
- रमाशंकर मिश्र
- सुभाष श्रीवास्तव
- मनीष कुमार यादव

गिनती के बाद जेब में रखकर बाहर ले जाते थे कैश- सूत्र



पुलिस सूत्रों के मुताबिक, टिन्नू यादव समेत अनुकल्प, अविनाश, करुणेश, मनीष यादव, लवकुश और रमा शंकर मिश्र गिनती के बाद अपने साथ कैश और ज्वैलरी जेब मे रखकर बाहर ले जाते थे. जांच अधिकारी ने अदालत को बताया कि 7 आरोपियों के पास से अब तक करीब 79.84 लाख रुपये बरामद किए जा चुके है. ये रिकवरी 7 आरोपियों की निशानदेही पर हुई है. 8वें आरोपी सुभाष श्रीवास्तव के पास से रिकवरी नहीं हुई है, वो साजिश का हिस्सा है.

टिन्नू कैश काउंटर्स, दान पात्र और नोट गिनने वाले हॉल की चाबियां अपने पास रखता था।

# नशा-मुक्त भारत के लिए अगले 3 साल निर्णायक, विजन डॉक्यूमेंट जारी

**गुवाहाटी**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि अगले तीन साल यह तय करने में अहम होंगे कि क्या ड्रग्स देश पर हावी हो जाएंगे या भारत नशीले पदार्थों के कारोबार को निर्णायक रूप से हराने में सफल होगा। नई दिल्ली के विज्ञान भवन में नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर की 10वीं शीर्ष-स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए, गृह मंत्री ने ड्रग कंट्रोल (2026-2029) पर विजन डॉक्यूमेंट जारी किया। यह डॉक्यूमेंट ड्रग की समस्या से निपटने के लिए "मांग में कमी, आपूर्ति में कमी और नुकसान में कमी" जैसे पहलुओं पर एक साझा रोडमैप पेश करता है। शाह ने कहा कि 2026 से 2029 के बीच का समय देश की ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई के नतीजे तय करेगा। उन्होंने ठउइ की 2025 की सालाना रिपोर्ट भी जारी की और जम्मू और गुवाहाटी में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के नए जोनल ऑफिस का वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके अलावा, शाह ने 'ऑनलाइन ड्रग्स डिस्पोजल फोर्टनाइट कैंपेन' (ऑनलाइन नशीले पदार्थों के निपटान का पखवाड़ा अभियान) भी शुरू किया, जिसके तहत 6,000 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के 2,09,500 किलोग्राम से ज्यादा नशीले पदार्थों को नष्ट किया जाएगा। इस साल की शुरूआत में, शाह ने ड्रग्स के दुरुपयोग के खिलाफ तीन





साल के देशव्यापी अभियान से पहले, सभी केंद्रीय और राज्य सरकारी विभागों को 31 मार्च, 2026 तक एक स्पष्ट रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया था।

शाह ने कहा कि ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई सिर्फ. पुलिस या किसी एक एजेंसी की ज़िम्मेदारी नहीं है, बल्कि पूरे देश की सामूहिक लड़ाई है। उन्होंने राज्य सरकारों, केंद्रीय एजेंसियों, सुरक्षा बलों, समाज, शिक्षकों, युवाओं, धार्मिक नेताओं और महिलाओं से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर भारत को 2047 तक एक विकसित देश बनना है, तो उसे सबसे पहले अपने युवाओं को ड्रग्स से बचाना होगा। इसलिए, ड्रग-मुक्त भारत सिर्फ. कानून-व्यवस्था का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक विकास का भी मामला है।

नार्को-टेररिज्मः सबसे बड़ा खतरा

गृह मंत्री ने कहा कि ड्रग तस्करी अब सिर्फ.एक गैर-कानूनी धंधा नहीं रह गया है, बल्कि यह नार्को-टेररिज्म (नशीले पदार्थों के व्यापार से जुड़ा आतंकवाद) में बदल गया है। उन्होंने कहा कि ड्रग के व्यापार से होने वाली कमाई का इस्तेमाल आतंकवादी संगठनों, संगठित अपराध सिंडिकेट और सीमा-पार आतंकी नेटवर्क को फंड देने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि भारत "डेथ ट्रायंगल" और "डेथ क्रिसेंट" के बीच स्थित है, जिससे यह अंतरराष्ट्रीय ड्रग तस्करी के प्रति बहुत ज्यादा संवेदनशील हो जाता है। शाह ने कहा कि तस्कर नशीले पदार्थों को गिराने के लिए ड्रोन जैसी एडवांस्ड टेक्नोलॉजी, शिपिंग कंटेनर, डार्क वेब, क्रिप्टोकरेंसी, ऑनलाइन ऑर्डर और पार्सल डिलीवरी सर्विस का तेजी से इस्तेमाल कर रहे हैं, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो रही हैं।

# क्या भारतीय पासपोर्ट नागरिकता का अंतिम प्रमाण है?





**नई दिल्लीः**

भारतीय पासपोर्ट को लंबे समय से देश की नागरिकता का सबसे भरोसेमंद दस्तावेज माना जाता रहा है। विदेश यात्रा से लेकर विदेशी इमिग्रेशन जांच और भारतीय दूतावासों से सहायता लेने तक, पासपोर्ट ही किसी व्यक्ति की भारतीय पहचान का प्रमुख आधार होता है। ऐसे में विदेश मंत्रालय द्वारा यह स्पष्ट किया जाना कि पासपोर्ट नागरिकता का अंतिम और निर्णायक प्रमाण नहीं है, कई लोगों के लिए हैरानी की बात बनी। इस बयान के बाद आम लोगों के मन में यह सवाल उठने लगा कि यदि पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र भी अकेले नागरिकता साबित नहीं करते, तो आखिर भारतीय नागरिक अपनी नागरिकता किस तरह सिद्ध करेगा? इस पूरे विवाद की जड़ भारतीय कानून में नागरिकता और पहचान संबंधी दस्तावेजों के बीच किया गया स्पष्ट अंतर है।

विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?

पासपोर्ट सेवा दिवस के अवसर पर विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि पासपोर्ट का मूल उद्देश्य किसी व्यक्ति की अंतरराष्ट्रीय यात्रा को आसान बनाना है। मंत्रालय ने कहा कि यह कोई नया कानूनी दृष्टिकोण नहीं है, बल्कि भारतीय कानून में लंबे समय से यही व्यवस्था लागू है।

सरकार के अनुसार, पासपोर्ट किसी व्यक्ति की राष्ट्रीयता का महत्वपूर्ण संकेत जरूर है, लेकिन यदि किसी मामले में नागरिकता को लेकर कानूनी विवाद उत्पन्न होता है, तो केवल पासपोर्ट के आधार पर अंतिम फैसला नहीं किया जा सकता। ऐसे मामलों में नागरिकता अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अनुसार उपलब्ध सभी साक्ष्यों की जांच की जाती है।

# केतन अग्रवाल केसः पिता से मिले सीएम, कसाब को फांसी दिलाने वाले उज्जवल निकम करेंगे पैरवी

**पुणे**

**पुणे** के केतन अग्रवाल मर्डर केस को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि यह बहुत ही चौंकाने वाली घटना है, सोच से भी परे है. यह ऐसी घटना है जो हमें एक समाज के तौर पर, गंभीरता से सोचने पर मजबूर करती है. पढ़े-लिखे और अच्छे परिवारों के बच्चे ऐसी बुरी और नुकसान पहुंचाने वाली सोच क्यों अपना लेते हैं? इस सोच के पीछे क्या कारण हैं? हमें इस बारे में गहराई से सोचने की जरूरत है.

सीएम ने कहा, "असल में, इस मामले को सिर्फ एक अपराध के तौर पर नहीं बल्कि समाज के नजरिए से भी देखना चाहिए. समाज को सोचना चाहिए कि कैसा माहौल और व्यवस्था बनाने की जरूरत है, ताकि इतनी कम उम्र में बच्चों में ऐसे क्रूर और बदले की भावना वाले विचार न आएं. यह घटना सच में बहुत चौंकाने वाली है."

सीएम फडणवीस ने केतन अग्रवाल के पिता से की मुलाकात

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने केतन अग्रवाल के पिता विशाल अग्रवाल ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री ने इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाने का आश्वासन दिया. इस मामले में स्पेशल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर उज्वल निकम को सरकार का पक्ष रखने के लिए अपॉइंट करने को कहा गया है. कसाब को फांसी दिलाने में उज्जवल निकम ने अहम भूमिका निभाई



थी.

सिया के भाई साहिल से भी पूछताछ

लोनावाला ग्रामीण पुलिस के प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर दिनेश तायड़े ने एबीपी न्यूज को बताया, "हमें यह समझना है कि केतन अग्रवाल की हत्या करने के बाद सिया ने घर पर किसी को कुछ बताया? उसका हाव भाव कैसा था? तमाम चीजों को समझने के लिए सिया के भाई साहिल को पूछताछ के लिए बुलाया गया है."

पुलिस ने 8-10 लोगों के दर्ज किए बयान पुलिस कई घंटों से साहिल से पूछताछ कर रही है.

पुलिस ने इस मामले में 8 से 10 लोगों के बयान दर्ज किए हैं. पुलिस ने बताया कि फॉरेंसिक टीम पता लगाने में जुटी है कि ऊपर से नीचे गिरते समय कहां-कहां टकराया होगा, वो सब समझने के लिए हमारी फॉरेंसिक टीम समय-समय पर वहां जा रही है।

# सर्जरी के बाद अच्छे मूड में दिखे तिब्बती गुरु

**नई दिल्ली**

**केंद्रीय** मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को राजधानी में तिब्बती आध्यात्मिक नेता, 14वें दलाई लामा से मुलाकात की और हाल ही में हुई उनकी घुटने की सर्जरी के बाद उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि उन्हें उन्हें अच्छे मूड में और तेजी से ठीक होते देखकर बहुत खुशी हुई। यह बैठक आध्यात्मिक गुरु की घुटने की सर्जरी के कुछ दिनों बाद हो रही है। 12 जून को, बाएं घुटने के सफल रिप्लेसमेंट ऑपरेशन के बाद उन्हें अपोलो अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी।



90 वर्षीय आध्यात्मिक गुरु की सेहत के बारे में जरूरी मेडिकल जानकारी उनके आधिकारिक एक्स अकाउंट पर शेयर की गई थी। इलाज की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए, अपोलो अस्पताल के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. राजेश मल्होत्रा ??ने कहा, "परम पावन दलाई लामा के बाएं घुटने का सफल रिप्लेसमेंट ऑपरेशन सोमवार, 8 जून को नई दिल्ली में हुआ। देखभाल के तरीके के बारे में बताते हुए, अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि इस प्रक्रिया में अस्पताल के अंदरूनी स्टाफ और आध्यात्मिक गुरु के निजी प्रतिनिधियों के बीच मिलकर काम किया गया, ताकि इलाज बिना किसी रुकावट के हो सके।

डॉ. मल्होत्रा ने कहा कि इलाज के दौरान, परम पावन (दलाई लामा) की निजी मेडिकल टीम और परम पावन दलाई लामा के कार्यालय ने अपोलो हॉस्पिटल्स के एडमिनिस्ट्रेटिव और मेडिकल स्टाफ के साथ मिलकर काम किया।

# दिल्ली: रेप के बाद बच्ची की हत्या कर फिर कैब चलाने निकल गया आरोपी बाशू सिंह, बिहार में पहले से 5 केस दर्ज



**नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने दक्षिण दिल्ली में 11 साल की बच्ची के अपहरण, यौन उत्पीड़न और हत्या के आरोपी कैब चालक की पुलिस हिरासत की अवधि दो दिन के लिए और बढ़ा दी है. जांचकर्ता अब इस बात का पता लगा रहे हैं कि वारदात से पहले और बाद में आरोपी किस-किस रास्ते से गुजरा और उस दौरान वह कहां-कहां रुका.

29 वर्षीय आरोपी बाशू कुमार सिंह को गुरुवार (25 जून) को अदालत में पेश किया गया था, जहां से दिल्ली पुलिस को पूछताछ के लिए उसकी अतिरिक्त हिरासत मिल गई. अधिकारियों ने बताया कि रिमांड मिलने के बाद पुलिस आरोपी को उन सभी जगहों पर ले गई, जहां उसने वारदात को कथित तौर पर अंजाम दिया था, ताकि घटनाक्रम की कड़ियों को आपस में जोड़ा जा सके.

जांचकताओं के मुताबिक, बढ़ी हुई रिमांड अवधि के दौरान पूरे अपराध के सटीक क्रम का पता लगाने की कोशिश की जाएगी, जिसमें छतरपुर पहुंचने के लिए सिंह द्वारा अपनाए गए रास्ते, बच्ची के अपहरण के बाद इस्तेमाल किए गए मार्ग और हत्या के बाद वह कहां-कहां गया, इन सब बातों की जांच की जाएगी.

जांचकताओं के मुताबिक, आरोपी बाशू सिंह ने 22 जून को तड़के महरौली में छतरपुर मेट्रो स्टेशन के पास से बच्ची का उस वक्त अपहरण कर लिया था, जब वह फुटपाथ पर अपने परिवार के साथ सो रही थी.

दरवाजा खुला रखकर बच्ची के पास पार्क की गाड़ी

पुलिस ने बताया कि पूरा परिवार एक कतार में सोया हुआ था, जिसमें बच्ची अपनी मां, चाची, भाई और पिता के बीच में लेटी थी।

# योगी आदित्यनाथ का विपक्ष पर हमला

## 'पिछली सरकार ने हर जिले में माफिया पैदा किया'

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि क्वालिटी हेल्थ फैसिलिटी (गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधा) आज की आवश्यकता है. इसी के दृष्टिगत वर्ष 2017 के बाद स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा के गुणवत्तापूर्ण विस्तार के जरिये सरकार ने प्रदेश के प्रति लोगों के परसेप्शन को बदला है. पूर्व की सरकारों और वर्तमान सरकार के बीच सबसे बड़ा अंतर यही है पहले की सरकार ने हर एक जिले में माफिया पैदा किया और वर्तमान सरकार हर जिले में मेडिकल कॉलेज की सुविधा दे रही है.

सीएम योगी शुक्रवार दोपहर बाद बेतियाहाता में एस्ट्रोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने वन डिस्ट्रिक्ट वन माफिया दिया था. तबकी सरकार हर जिले में एक माफिया पालती थी. जबकि हमारी सरकार ने वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज, (एक जिला एक मेडिकल कॉलेज) वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (एक जिला एक उत्पाद) और वन डिस्ट्रिक्ट वन कुजीन (एक जिला एक व्यंजन) जैसी योजनाओं का उपहार प्रदेश को दिया है. इन योजनाओं से प्रदेश के प्रति धारणा बदलने, नई और मजबूत पहचान बनाने में मदद मिली है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र का उन्नयन सरकार की प्राथमिकता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में समूचे विश्व की सबसे बड़ी स्कीम आयुष्मान



भारत संचालित हो रही है. इस स्कीम में जो तबके छूट गए, उन्हें यूपी सरकार ने राज्य स्तर पर कवर किया. इस योजना में लाभार्थियों को पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा मुफ्त मिलती है. सीएम योगी ने बताया कि इसके अलावा जरूरतमंद लोगों के इलाज के लिए प्रति वर्ष वह 1200 से 1500 करोड़ रुपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देते हैं.

पूर्व की सरकारों की मानसिकता बीमार थी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के बाद से प्रदेश में व्यापक परिवर्तन देखने को मिल रहा है. बिना भेदभाव सबको सुरक्षा, सम्मान और शासन की सुविधाओं का लाभ मिल रहा है. उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने हर जिले में मेडिकल कॉलेज की सौगात दी है. पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश में एकमात्र गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज था, जो 2017 के पूर्व खुद ही बीमार था. वास्तव में बीआरडी मेडिकल कॉलेज बीमार नहीं था बल्कि तत्कालीन सरकारों की मानसिकता बीमार थी।

# कपुरी में दसवीं मुहर्रम का जुलूस निकला, चार गांव की ताजियों का हुआ मिलन, या अली या हुसैन की गूँजी सदाएं

अखंड भारत संदेश





**पसना।** कोरांव क्षेत्र के पसना इलाके में 10वीं मोहर्रम का त्यौहार गम और मातम के बीच सकुशल संपन्न हो गया। मुख्य ताजिया चौक कपूरी के बड़े इमामबाड़े से जुलूस दोपहर बाद शुरू हुआ।

यह जुलूस पूरे गांव से होता हुआ मुख्य सड़क पर पहुंचा। यहां पसना, बसहरा और अकबरशाहपुर से आए ताजियों का मिलन हुआ। इस दौरान 'या अली या हुसैन' और 'अल्लाह हू अकबर' के नारों से पूरा वातावरण गूंज उठा।

इसके बाद मैदान में ताजियों का मेला आयोजित किया गया। इसमें दूर-दराज से आए सभी समुदायों के ग्रामीण, पुरुष, महिलाएं और बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने मेले से खरीदारी की। इस अवसर पर लंगर खाने का भी आयोजन हुआ, जहां लोगों ने प्रसाद के रूप में विशेष व्यंजन खिचड़े का स्वाद लिया।

जुलूस और मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय थाना कोरांव की पुलिस टीम मौजूद रही। वरिष्ठ उप निरीक्षक सेवालाल और महिला उप निरीक्षक पूर्णिमा ने टीम का नेतृत्व किया। मेले की मुख्य विशेषता यह रही कि इसमें अल्पसंख्यक समुदाय के साथ-साथ बहुसंख्यक महिलाओं ने भी बड़ी संख्या में भागीदारी की।

मेले के समापन के बाद, गमगीन माहौल में ताजियों को कर्बला ले जाया गया और उनके फूलों को दफन किया गया।

## मांडा थाना क्षेत्र से 51 ताजिया कर्बला पहुंचा : मोहर्रम जुलूस धूमधाम से निकला, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

अखंड भारत सन्देश



**मांडा।** इलाकाई मांडा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कुल 51 ताजिया परंपरागत तरीके से कर्बला पहुंचे। मोहर्रम का यह जुलूस धूमधाम से निकाला गया, जिसमें कई अंजुमनों ने मातम कर शहीद इमाम हुसैन और उनके साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। जुलूस के साथ सभी ताजियों को मांडा खास के राजा कोठी ग्राउंड में एकत्रित किया गया। यहां से उन्हें कर्बला ले जाकर सुपुर्द-ए-खाक किया गया। अकीदतमंदों ने फतेहा पढ़कर शहीदों को याद किया। मांडा थाना क्षेत्र के हाटा, दोहथा, मांडा खास, गिरधरपुर, चिलबिला, भारतगंज और दिघीया सहित विभिन्न गांवों से ये 51 ताजिया निकाले गए। इस अवसर पर मजिस्ट्रेट, एसीपी संत प्रसाद उपाध्याय, इंस्पेक्टर मांडा अनिल कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी हर्ष कुमार और राजस्व टीम मौजूद रही। नगर पंचायत भारतगंज के अध्यक्ष प्रतिनिधि जमीर अहमद उर्फ आमिर भाई और शकील टंकी व मांडा खास के प्रधान डॉ. असद अली व दोहथा प्रधान निजाम अली ने भी त्योहार संपन्न कराने में सहयोग किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस, प्रशासन और पीएसी बल तैनात रहा, जिससे जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सका।

भारतगंज में भी मोहर्रम का त्योहार सकुशल संपन्न हुआ। सभी ताजियादारों ने अपने ताजिया चौक से कर्बला तक ले जाकर तुर्बत को ठंडा किया।

उल्लेखनीय है कि मोहर्रम का चांद देखने के बाद पहले दिन से लगातार नौ दिनों तक ताजिया बनाए जाते हैं। दसवें दिन इन्हें कर्बला पर ले जाकर तुर्बत को ठंडा किया जाता है। मोहर्रम को इस्लामी कैलेंडर का पहला महीना भी माना जाता है।

# मुहर्रम का पर्व कोरांव के विभिन्न इलाको में मनाया गया

**ईमाम हुसैन सत्य न्याय और मानवीय मूल्यों के सबसे बड़े प्रतीक हैं**

अखंड भारत संदेश



**कोरांव।** इश्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब के दामाद हजरत अली और फतेमा जोहरा के छोटे बेटे हजरत इमाम हुसैन का जन्म मदीना शहर में सन 626 इश्वी में हुआ था. कर्बला का ऐतिहासिक युद्ध दस मोहरम को लड़ा गया था इस दिन इमाम हुसैन और उनके सभी साथियों का बेरहमी सें शहीद किया गया था.आप का मकबरा ईराक के कर्बला में स्थित है दुनिया भर के लोग जेयारत को जाते हैं. उनके साथ मदद में गए ब्राह्मणों ने भी शहादत दी थी जिसे हुसैनी ब्राह्मण कहां जाता है.

इसी तरह कोराँव इलाके के कस्बा कोराँव में दर्जनों ताजिया और बिभिन्न इलाकों में ताजिया निकाली गई. मातम नौहां लंगर का अकीदत मंन्दो ने आयोजन रखा. पुलिस प्रशासन स्वयं सेवी संस्थाएं शांति ब्यवस्था हेतु सक्रिय दिखी. मुस्लिम हिन्दू सभी मिल कर पर्व को एक भव्यता प्रदान की गई. हुसैनी ब्राह्मड चौबे परिबार भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया. चेयर मैन ओम केसरी पूर्व अध्यक्ष गोपाल जी केसरी, रमेश चंद्र सोनी राजू चौबे मुन्ना सिंह सहित तमाम लोग अकीदत मंदो की होशला आफजाई किया।

## मांडा के ऊंचडीह में चक मार्ग 1612 बदहाल ग्रामीणों ने इंटरलॉकिंग निर्माण की मांग उठाई



**मांडा।** यमुनापार के विकास खंड मांडा अंतर्गत ग्राम ऊंचडीह में चक मार्ग संख्या 1612 की स्थिति अत्यंत जर्जर हो गई है। ग्रामीणों ने इस मार्ग पर इंटरलॉकिंग निर्माण की मांग की है। यह मार्ग दिनों-दिन खराब होता जा रहा है, जिससे आवागमन में भारी कठिनाई हो रही है। मानसून आने में अब बहुत कम समय बचा है, जिसके कारण ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। बरसात शुरू होने पर इस मार्ग पर चलना और भी मुश्किल हो जाएगा।

ग्राम के रतन सिंह (पप्पू सिंह) सहित अन्य ग्रामीणों ने इस समस्या को गंभीरता से लिया है। उन्होंने ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी मांडा, उपजिलाधिकारी और जिलाधिकारी को प्रार्थना-पत्र सौंपकर शीघ्र इंटरलॉकिंग निर्माण कराने का अनुरोध किया है।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इस मार्ग का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वर्षा ऋतु में लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से जनहित में तत्काल निर्माण कार्य के आदेश जारी करने की अपील की है, ताकि बरसात से पहले मार्ग को आवागमन योग्य बनाया जा सके।

# सामाजिक न्याय के प्रणेता थे शाहू जी महाराज

**फूलपुर।** दलितों एवं वंचित वर्ग के उत्थान के लिए आरक्षण लागू करने वाले इतिहास के पहले शासक छत्रपति शाहू जी महराज दूरदर्शी राजा के साथ महान शिक्षाविद व समाज सुधारक थे। सामाजिक न्याय के प्रणेता शाहू जी महराज ने जहां छुआ छूत के भेदभाव को समाप्त किया वहीं अस्पतालों और स्कूलों में सभी के लिए समान प्रवेश सुनिश्चित किया साथ ही मंदिरों के कपाट भी सभी जातियों के लिए खोल दिए।



छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती मनाते जन अधिकार पार्टी के नेता व कार्यकर्ता

यह बातें फूलपुर क्षेत्र के रूदापुर गावं में आयोजित छत्रपति शाहू जी महराज की जयंती समारोह को सम्बोधित करते हुए जन अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ज्ञान प्रकाश मौर्य पूर्व राज्य सूचना आयुक्त उत्तर प्रदेश सरका ने शुक्रवार को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कही। प्रदेश अध्यक्ष युवा मौर्चा ने कहा की छत्रपति शाहू जी महराज ने 1902 में कोल्हापुर रियासत के बहुजन व पिछड़े वर्गों के आरक्षण लागू कर सामाजिक परिवर्तन का कार्य किया।मुफ्त शिक्षा व भेदभाव का विरोध व महिला सशक्तिकरण जैसे मुख्य सामाजिक सुधार उनके जीवन काल के लिए याद किए जाएंगे। जयंती समारोह का संचालन जिलाध्यक्ष आलोक कुमार मौर्य ने किया। मौके पर उपेन्द्र वर्मा, जयनाथ वर्मा, रामसूरत पटेल, शिवप्रसाद पटेल, श्याम देव मौर्य, अनिल प्रजापति लालमणि मौर्य, रिया बौद्ध गोविंद बल्लभ पटेल, सुनीता कुशवाहा, रमेश यादव, गुलाब यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

## सौरा में हुसैनी लंगर का आयोजन के साथ बड़े बुजुर्ग हुए सम्मानित, गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल कायम



अखंड भारत संदेश

**हंडिया।** हाशमी फाउंडेशन एनजीओ के राष्ट्रीय अध्यक्ष फिरोज हाशमी की ओर से मुहर्रम पर्व पर सौरा जलालपुर में हुसैनी लंगर का शानदार आयोजन किया गया। भारी संख्या में लोग लंगर का आनंद उठाया। इसके पूर्व हाशमी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष? फिरोज हाशमी द्वारा मोहर्रम पर्व पर बड़े बुजुर्गों का सम्मान समारोह आयोजित किया। बड़े बुजुर्गों को अंग वस्त्र और फूल मालाओं से लादकर कर उनका भव्य स्वागत किया गया। संवाददाता से बात करते? हुए फिरोज हाशमी ने कहा कि हुसैन की कुबार्नी, इंसानियत, सत्य, न्याय, मानवता को जन-जन तक पहुंचाना ही कार्यक्रम का मूल उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि कर्बला का संदेश केवल एक समुदाय के लिए नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में मानवता के लिए होती है। हुसैनी लंगर के माध्यम से प्रेम, भाईचारे, सेवा और मानवता का संदेश समाज तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। हुसैनी लंगर में हिंदू मुस्लिम भाइयों ने एक साथ लंगर का आनंद उठाया। जहां गंगा जमुनी तहजीब देखने को मिली। कार्यक्रम में भारी संख्या में गणमान्य लोगों के अलावा सपा नेता अवधेश नारायण यादव शामिल हुए।

## अजय कुशवाहा बनें समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष, युवा नेतृत्व से आगामी चुनावों में पार्टी को मिलेगी मजबूती



**पसना।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने प्रयागराज (जमुनापार) इकाई में अजय कुशवाहा को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। यह मनोनयन राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आगामी प्रयागराज दौरे से पूर्व संगठन को मजबूत करने की दृष्टि से किया गया है। यह नियुक्ति सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की अनुमति से की गई है। जमुनापार जिला अध्यक्ष पप्पू लाल निषाद ने 26 जून, 2026 को जारी एक मनोनयन पत्र के माध्यम से इसकी घोषणा की। अन्य पदाधिकारियों ने मालाएं पहनाकर स्वागत की। अजय कुशवाहा, जो रमेश चंद्र कुशवाहा के पुत्र हैं और अकबर शाहपुर, कोरांव, प्रयागराज के निवासी हैं, को पार्टी की नीतियों में उनके विश्वास को देखते हुए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनसे अपेक्षा की गई है कि वे समाजवादी पार्टी के संगठन को मजबूत और प्रभावी बनाने में अपना सहयोग देंगे। पप्पू लाल निषाद, जो जमुनापार के जिला अध्यक्ष होने के साथ-साथ उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष भी हैं, ने इस नियुक्ति के माध्यम से आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए संगठन को तैयार करने का संकेत दिया है। अजय की नियुक्ति पर सपा नेताओं सोमदत्त पटेल हरिकृष्ण यादव ओझा,ललन पटेल,पवन सिंघाल,पवन सोनकर,प्रमोद पयासी,राजेश पांडेय,रविन्द्र जैसल,शहादत अली,शिवदानी पाल नौशाद अंसारी,यादवेंद्र अहीर आदि ने बधाई दी है।

# मांडा में वनदरोगा पर ग्रामीणों ने मिलीभगत का लगाया आरोप : शिकायत पर पहुंचे, कार्रवाई के बजाय मशीन ले गए; बोले- सही सूचना नहीं मिली

### ग्रामीणों की सूचना पर पेड़ काटने की सूचना पर गांव पहुंचे वनदरोगा

अखंड भारत सन्देश





**मांडा।** यमुनापार के मांडा परिक्षेत्र में हरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला सामने आया है। बघौराखवासान-भरथीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित सरकारी नाले के पास हरे नीम के पेड़ काटे जा रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर वन विभाग के दरोगा आदर्श त्रिपाठी मौके पर पहुंचे। शुक्रवार दोपहर करीब बारह बजे वन दरोगा त्रिपाठी अपने तीन साथियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पेड़ काटने वाली मशीन को अपने साथ ले लिया, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि उन्होंने लकड़ी तस्करों से मिलकर कोई कार्रवाई नहीं की और वापस लौट गए।

नाम न छापने की शर्त पर ग्रामीणों ने बताया कि मांडा और मेजा वन विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से हरे पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई हो रही है। उनका आरोप है कि सूचना देने पर भी अधिकारी घंटों बाद पहुंचते हैं और कार्रवाई के बजाय तस्करों से मिलकर गांव में अशांति फैलाते हैं।इस संबंध में मांडा वन दरोगा आदर्श त्रिपाठी ने बताया कि उन्हें नीम के हरे पेड़ काटे जाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचने पर उन्हें सही जानकारी नहीं मिली, जिसके कारण कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी। उन्होंने यह भी कहा कि ट्रैक्टर-ट्रॉली से अलग पाया गया।

हालांकि, ग्रामीणों ने वन दरोगा के बयान का खंडन किया। उन्होंने बताया कि दरोगा मौके पर आए थे और लकड़ी तस्कर के घर भी बैठे। ग्रामीणों के अनुसार, दरोगा हरी नीम की लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को छोड़कर केवल पेड़ काटने वाली मशीन अपने साथ ले गए।

मांडा क्षेत्र के ग्रामीणों ने शीर्ष अधिकारियों से इस मामले की औचक जांच करने और वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि हरे पेड़ों की कटाई को रोका जा सके।

# स्वार्थी नहीं पुरुषार्थी थे वी पी सिंह : गजेन्द्र

**जयंती पर आयोजित संगोष्ठी सम्पन्न**

अखंड भारत संदेश




**कोरांव, प्रयागराज।** सामाजिक न्याय एवं सर्व समाज के पुरोधा पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की जयंती पर यमुनापार विकास समिति द्वारा आयोजित संगोष्ठी गुरुवार को इन्द्र दमन सिंह स्मृति पब्लिक स्कूल चांद खम्हरिया, मेंजा में सम्पन्न हुई। संगोष्ठी में विचार व्यक्त करते हुए बौद्धिक, सामाजिक कार्यकताओं, संभ्रान्त नागरिकों ने उनकी एक आदमकद प्रतिमा प्रयागराज नगर के प्रमुख चौराहे पर लगवाने की मांग की।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए समिति के संयोजक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि राजर्षि विश्वनाथ प्रताप सिंह देश के प्रधानमंत्री, वित्तमंत्री, रक्षामंत्री एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जैसे महत्वपूर्ण पदों की जिम्मेदारी बड़ी ही ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा, तथा निष्पक्षता से निभाते हुए अपना सम्पूर्ण जीवन दलितों, पिछड़ो, गरीबों, मजलूमों एवं राष्ट्रहित में समर्पित कर दिया। वे स्वार्थी नहीं पुरुषार्थी थे।

आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए स्कूल प्रबंधक अंजय सिंह ने कहाकि अपने क्षेत्र के ऐसे महान विभूतियों की प्रतिमा लगवाना एवं जयंती पर उन्हें याद करना हम सब का नैतिक दायित्व है। संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पूर्व प्रवक्ता गिरधर गोपाल सिंह ने कहा कि वीपी सिंह ने समतामूलक समाज की स्थापना कर समूचे विश्व में क्षेत्र एवं देश का मान बढ़ाया। मुख्य वक्ता के रूप में मोजूद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सिंह ने पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह को कवि हृदय चित्रकार, साहित्यकार, बौद्धिक , प्रखर वक्ता, प्रजापालन राजा, कुशल शासक, त्याग व परमार्थ का अग्रदूत बताया।

अन्त में कार्यक्रम के आयोजक समिति के महामंत्री खेमराज सिंह ने संगोष्ठी में सहभागिता कर रहे सभी महानुभावों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर लाल पुष्पराज सिंह, नागेन्द्र प्रताप सिंह, संकल्प सिंह शिब्बू, ज्योति प्रकाश सिंह बाबा, अखिलेश मिश्र पिन्टू, ज्ञानेन्द्र सिंह, डॉ अरविन्द सिंह, शंकराचार्य भुर्तिया, राजेश सिंह, दयाशंकर विश्वकर्मा, नन्दू सिंह पटेल, डी के सिंह, विन्ध्वासिनी प्रसाद सिंह, पिन्टू सिंह, सुरेन्द्र सिंह, जंगी लाल सिंह, रजनीश सिंह, सरबजीत आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

## युवा जागो, नशा त्यागो अभियान का जगाया अलख, दिलाई नशामुक्ति की शपथ

**सहसों।** अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी, सहसों के तत्वावधान में 'युवा जागो, नशा त्यागो' जनजागरूकता अभियान चलाया गया। समाजसेवी चंद्र प्रकाश केसरवानी के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान के माध्यम से लोगों को तंबाकू, गुटखा, सिगरेट, शराब तथा अन्य सभी प्रकार के नशों से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया। इस अवसर पर चंद्र प्रकाश केसरवानी ने कहा कि युवाओं में गुटखा, सिगरेट और शराब का सेवन आज फैशन का रूप लेता जा रहा है, जो समाज और देश के भविष्य के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि क्षणिक सुख के लिए किया गया नशा युवाओं के स्वास्थ्य, परिवार और भविष्य को बर्बाद कर देता है। इसलिए युवाओं को नशे से दूर रहकर शिक्षा, रोजगार और राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

# छत्रपति शाहूजी महाराज के आदर्श आज भी प्रासंगिक, जयंती पर सहसों में भावपूर्ण श्रद्धांजलि

**सहसों।** छत्रपति शाहूजी महाराज की जयंती के अवसर पर शुक्रवार को सहसों गोल चौराहा स्थित उनकी प्रतिमा पर अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व सांसद फूलपुर नागेंद्र सिंह पटेल ने पार्टी कार्यकताओं के साथ माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उन्होंने उनके जीवन के कृत्रिम एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि छत्रपति शाहूजी महाराज सामाजिक न्याय के अग्रदूत, महान समाज सुधारक और शोषित, वंचित तथा पिछड़े वर्ग के सच्चे हितैषी थे। उनका संपूर्ण जीवन समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान और समानता की स्थापना के लिए समर्पित रहा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा, सामाजिक समरसता और न्याय के क्षेत्र में शाहूजी महाराज के ऐतिहासिक निर्णय आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर ही समता मूलक और सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है।



कार्यक्रम में पूर्व दर्जा प्राप्त मंत्री राम लखन पटेल, जिलाध्यक्ष भानु प्रताप पटेल, विधानसभा अध्यक्ष अर्जुन पटेल, अनीश पटेल, बृजेश पटेल, राम प्रकाश पटेल सहित अपना दल (एस) के बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। सभी ने छत्रपति शाहूजी महाराज को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने तथा सामाजिक न्याय एवं समरसता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# माघ मेले से पहले पूरी हों विकास परियोजनाएं, बिजली आपूर्ति में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : ए.के. शर्मा

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने शुक्रवार को प्रयागराज के सर्किट हाउस में ऊर्जा विभाग, नगर विकास विभाग और प्रयागराज विकास प्राधिकरण की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को जनहित से जुड़े कार्यों को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति से लेकर विकास कार्यों तक किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। कार्यों में शिथिलता बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। बैठक में ऊर्जा विभाग की समीक्षा करते हुए मंत्री ने कहा कि प्रदेशवासियों को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। बिजली संबंधी शिकायतों का तत्काल समाधान किया जाए और जनप्रतिनिधियों की मांग पर स्वीकृत अथवा निमार्णाधीन विद्युत परियोजनाओं को तेजी से पूरा किया जाए, ताकि लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नगर विकास विभाग और प्रयागराज विकास प्राधिकरण की समीक्षा के दौरान उन्होंने सभी निमार्णाधीन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आगामी माघ मेले से पहले सभी प्रमुख विकास कार्य हर हाल में पूरे कर लिए जाएं। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की परियोजनाओं में भी गति लाने और गुणवत्ता के साथ काम पूरा करने पर जोर दिया। मंत्री ने महाकुंभ से पहले शहर के जिन प्रमुख चौराहों का सौंदर्यीकरण किया गया था, उनका दोबारा निरीक्षण कर आवश्यक सुधार कराने के निर्देश दिए। साथ ही वर्षा ऋतु को देखते हुए नालों की समय पर सफाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि जलभराव की समस्या से लोगों को राहत मिल सके।

उन्होंने हनुमान मंदिर कॉरिडोर के शेष कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने के निर्देश दिए। मेला क्षेत्र के किनारे लगी स्ट्रीट लाइटों को जरूरत वाले स्थानों से नहीं हटाने तथा प्रयागराज विकास प्राधिकरण द्वारा हाईकोर्ट के सामने फ्लाईओवर के नीचे बनाई जा रही सड़क का निर्माण गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूरा कराने के भी निर्देश दिए। ए.के. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनसुविधाओं और विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए सभी परियोजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करना होगा। बैठक में महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी, विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, विधान परिषद सदस्य सुरेंद्र चौधरी, नगर आयुक्त साईं तेजा, प्रयागराज विकास प्राधिकरण के सचिव विनीत सिंह सहित ऊर्जा, नगर विकास और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव को देखने पहुंचे महापौर

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में महापौर गणेश केसरवानी वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा के निवास पर पहुंचे। पिछले दिनों दुर्घटनाग्रस्त से घायल हुए संजय श्रीवास्तव का महापौर गणेश केसरवानी सहित कई अतिविशिष्ट गणमान्य कार्यकताओं के साथ नंदन तालाब निवास स्थल पहुंचकर संजय श्रीवास्तव का हाल-चाल लिया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता,भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवधेश चंद्र गुप्ता, भाजपा अल्पसंख्यक वरिष्ठ नेता काशी क्षेत्र,क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर सिंह,वरिष्ठ पार्षद वार्ड नंबर 81 मयंक यादव, सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी, पूर्व मंडल अध्यक्ष वर्तमान पार्षद दिलीप केसरवानी, ई.सी.सी छात्रसंघ अध्यक्ष शिव शंकर दीक्षित, बेनी माधव मंदिर महंत पं. दामोदर प्रसाद तिवारी, महामंत्री पूर्व राम जी श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा नीरज शर्मा, महामंत्री सोमेश्वर नाथ, कृष्ण कुमार शुक्ला, जिला संयोजक बबलू तिवारी हरि कृष्णा तिवारी, हरमन जी सिंह आदि नेताओं ने स्वस्थ लाभ की कामना करते हुए संजय श्रीवास्तव के निवास स्थान पर आकर उनका हाल-चाल लिया।

# मांडा : हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद नहीं हो सकी कॉलेज की जमीन की नाप, विरोध के बाद बैरंग लौटी राजस्व टीम

**अखंड भारत सन्देश**



**मांडा।** मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर की जमीन की नाप और पथरगड्डी के लिए हाईकोर्ट इलाहाबाद के आदेश पर गई मेजा तहसील की राजस्व टीम और पुलिस को विरोध के चलते बैरंग लौटना पड़ा। कॉलेज प्रबंधक ने डीएम प्रयागराज को शिकायती पत्र देकर पर्याप्त सुरक्षा के साथ हाईकोर्ट के आदेश का पालन कराने की मांग की है।

***कोर्ट के आदेश पर पहुंची थी टीम***

मंगला प्रसाद इंटर कॉलेज बामपुर के प्रबंधक अश्वनी कुमार ने बताया कि हाईकोर्ट इलाहाबाद के आदेश और एसडीएम मेजा के निर्देश पर विद्यालय की जमीन की नाप व पथरगड्डी कराई जानी थी। इसके लिए मेजा तहसील के राजस्व कर्मचारी और मांडा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी।

***ग्रामीणों के विरोध से रुका काम***

प्रबंधक का आरोप है कि नाप के दौरान गांव के कुछ लोगों ने विरोध शुरू कर दिया और काम में व्यवधान डाला। दबाव के चलते राजस्व टीम और पुलिसकर्मी बिना नाप किए ही वापस लौट गए। इससे हाईकोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं हो सका।

***डीएम से लगाई गुहार***

प्रबंधक अश्वनी कुमार ने डीएम प्रयागराज को पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर न्यायालय के आदेश का उल्लंघन कर रहे हैं। पत्र में मांग की गई है कि पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी में दोबारा टीम भेजकर कॉलेज की जमीन की नाप और पथरगड्डी कराई जाए, ताकि विवाद का स्थायी समाधान हो सके।

फिलहाल कॉलेज प्रबंधन हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन का इंतजार कर रहा है। वहीं तहसील प्रशासन का कहना है कि मामले को संज्ञान में लिया गया है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर दोबारा कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय स्तर पर तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस सतर्क है।

# बाबा साहेब की अस्थि कलश विस्थापित करने का षडयंत्र बर्दाश्त नहीं : डा रामदास आठवले

बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश को विस्थापित करने को लेकर गरजे केंद्रीय मंत्री, 30 जून को अंबेडकरवादी समाज और कार्यकताओं संग अंबेडकर प्रतिमा से अंबेडकर महासभा तक करेंगे पैदल मार्च जताएंगे विरोध



**मेजा।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की अस्थि कलश को विस्थापित करने का षडयंत्र और साजिश के खिलाफ आरपीआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारत सरकार के मंत्री डॉ रामदास आठवले के आह्वान पर समस्त अंबेडकरवादी समाज ने हुंकार भरते हुए आगामी 30 जून को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता के नेतृत्व में हजरतगंज स्थित अंबेडकर प्रतिमा से आंबेडकर महासभा तक बड़ी संख्या में कार्यकताओं और पदाधिकारियों संग पैदल मार्च करने का ऐलान किया है। उक्त आशय की जानकारी आरपीआई के प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने दी। उन्होंने बताया कि यह पैदल मार्च कार्यक्रम मंगलवार को सुबह 10 बजे अटल चौक लखनऊ में संपन्न होगा जिसकी अगुवाई पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री डॉ रामदास आठवले करेंगे। प्रयागराज जिलाध्यक्ष के अनुसार बाबा साहेब की अस्थि कलश विस्थापित करने को लेकर बेहद नाराज केंद्रीय मंत्री डॉ रामदास आठवले ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के अपमान के विरोध में देश के कोने कोने से अंबेडकरवादियों का लखनऊ में बड़ा जनसैलाब उमड़ेगा और अंबेडकर साहब के अस्थि कलश विस्थापित करने का षडयंत्र और साजिश किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं की जाएगी। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने भी आवाज बुलंद करते हुए कहा कि इस साजिश के खिलाफ आरपीआई और अंबेडकरवादी समाज ने बड़े पर शंखनाद कर लखनऊ के लिए कूंच कर दिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आगे कहा कि बाबा साहेब की अस्थि कलश उसी स्थान पर रहने का हमारा और पार्टी कार्यकताओं तथा अंबेडकरवादी लोगों का संकल्प है। जिलाध्यक्ष प्रयागराज संजय गौतम ने कहा कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के आह्वान पर कार्यकर्ता बाबा साहेब का अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को 30 जून को अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचने और पैदल मार्च का हिस्सा बनने की अपील किया है।

## नैनी में मुहर्रम पर उमड़ा अकीदतमंदों का सैलाब, करबला में ताजियों के फूल सुपुर्द-ए-खाक

**नैनी।** नैनी क्षेत्र में मुहर्रम की दसवीं पर शुक्रवार को नैनी के विभिन्न मुस्लिम बहुल इलाकों से अकीदतमंदों का विशाल हुजूम करबला की ओर उमड़ पड़ा। कसाई मोहल्ला, चकदोंदी, चक फजुल्लाह, जेल रोड, गंजिया और इंदलपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से निकले ताजिया जुलूस श्रद्धा और शांतिपूर्ण वातावरण में करबला पहुंचे। हजरत इमाम हुसैन की शहादत की याद में निकाले गए जुलूसों में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। करबला में धार्मिक परंपरा के अनुसार ताजियों के फूल सुपुर्द-ए-खाक किए गए। ताजियादारों और हुसैनियों ने अश्रुपूरित नेत्रों से इमाम हुसैन की कुबार्नी को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अकीदतमंद नंगे पैर इमामबाड़ों से ताजिया, मेहंदी झूला एवं बुड्ढा ताजिया के साथ पैदल करबला पहुंचे। फूलों से सजे ताजियों का बोसा लेने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों लोगों ने बारी-बारी से ताजियों को कंधा देकर अपनी अकीदत का इजहार किया।

# समाज और राष्ट्र के विकास में बड़ी बाधा है मादक पदार्थों का दुरुपयोग और अवैध तस्करी : डॉ. दिवाकर



**प्रयागराज।** विश्व ड्रग दिवस के अवसर पर 26 जून 2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद कौशाम्बी के तत्वाधान में राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर खुल्दाबाद प्रयागराज में मादक पदार्थों के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।शिविर को संबोधित करते हुए पीएलवी ममता दिवाकर ने संप्रेक्षण गृह में संवासित बालकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं और सहूलियतों के साथ ही ऐसे बालकों के प्रति पीएलवी की भूमिका पर विस्तार से जानकारी प्रदान किया।डॉ. नरेन्द्र दिवाकर ने कहा कि इस दिवस का उद्देश्य दुनिया भर के युवाओं और समाज को नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और नशामुक्त समाज का निर्माण करना है। साथ ही समाज के लिए मादक पदार्थों द्वारा उत्पन्न समस्या के बारे में जागरूकता को बढ़ाना भी है वैश्विक स्तर पर ड्रग समस्या,इससे उत्पन्न चुनौतियां और उनके नए समाधान इस साल की थीम है। 17 जून से 26 जून तक देश भर में नशामुक्त सप्ताह के तहत इस तरह के जागरूकता शिविरों का आयोजन कर सभी को जागरूक किया जा रहा है।

नशा किसी भी व्यक्ति के मस्तिष्क पर आघात करके सोंचने-समझने की क्षमता को नष्ट करने के साथ सही गलत में अंतर कर पाने की क्षमता को नष्ट कर देता है। नशे की लत चोरी,लूट,हिंसा,व अन्य तमाम प्रकार की गैर कानूनी गतिविधियों के लिए उत्तरदायी होती है। बच्चे और युवा आसानी से नशे की गिरफ्त में आ जाते हैं,जिससे उनका पूरा जीवन बर्बाद हो जाता है। नशा व्यक्तिगत व पारिवारिक ही नहीं अपितु समाज और राष्ट्र के विकास में बड़ी बाधा है। मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के कारण शारीरिक, मानसिक, आर्थिक, शैक्षणिक नुकसान तो होता ही है साथ ही यह सामाज व पारिवार में विघटन भी पैदा करता है, इसलिए इससे बचाव आवश्यक है।केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा नशे की रोकथाम व इसके शिकार लोगों के पुनर्वास हेतु कानूनी प्रावधानों, नशा मुक्त भारत अभियान के तहत संचालित नशामुक्ति केंद्रों और व्यसन उपचार केंद्रों, नशामुक्त भारत अभियान हेल्पलाइन नंबर और राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन नंबर (मानस) क्रमशः 14446 और 1933 के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। शिविर के अंत संवासित बालकों को नशामुक्त भारत अभियान की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर संप्रेक्षण गृह के अधीक्षक राकेश चौरसिया,केअर टेकर नरेन्द्र सिंह,फार्मासिस्ट राजकुमार तिवारी सहित सैकड़ों की संख्या में संवासित बालक एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## नगर पंचायत सिरसा में शांति और सौहार्द के बीच निकला मोहर्रम का जुलूस



सिरसा मस्जिद के पास नमाज के दौरान सुरक्षा में तैनात मेजा पुलिस

**मेजा।** नगर पंचायत सिरसा में मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सतर्क रहा। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सिरसा स्थित मस्जिद के पास चौकी प्रभारी अनिल कुमार पांडे के नेतृत्व में पुलिस बल के जवान मुस्तैद रहे।पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जा रही थी ताकि किसी भी अफवाह या अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। प्रशासन ने स्पष्ट कहा है कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को किसी कीमत पर बक्शा नहीं जाएगा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा व्यवस्था के के लिहाज से संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जा रही थी। उल्लेखनीय है कि नगर पंचायत सिरसा के इतिहास में अब तक ताजिया जुलूस नहीं निकाला गया है। यहां मुस्लिम समुदाय द्वारा कर्बला में केवल फूल दफन किए जाते रहे हैं। मोहर्रम के दौरान मुस्लिम युवाओं द्वारा मातम के साथ पारंपरिक करतब जरूर दिखाए जाते हैं,जो स्थानीय स्तर पर आकर्षण का केंद्र होते हैं। शुक्रवार का दिन होने के कारण मस्जिद में नमाजियों की काफी भीड़ रही जिसे देखते हुए पुलिस बल की तैनाती और बढ़ा दी गई थी। प्रशासन ने आमजन से शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील भी की थी।

# नर्सिंग सेवाओं में नाजरेथ अस्पताल ने रचा इतिहास, प्रयागराज में सबसे पहले मिला एनएबीएच उत्कृष्टता प्रमाणन

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** शहर के नाजरेथ अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। अस्पताल को एनएबीएच (राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड) का नर्सिंग उत्कृष्टता प्रमाणन प्रदान किया गया है। इसके साथ ही नाजरेथ अस्पताल प्रयागराज का पहला अस्पताल बन गया है, जिसे नर्सिंग सेवाओं की गुणवत्ता और मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हुआ है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, अप्रैल 2026 में एनएबीएच की विशेषज्ञ टीम ने अस्पताल की नर्सिंग व्यवस्था, मरीजों की देखभाल, सुरक्षा मानकों और गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली का विस्तृत निरीक्षण किया था। सभी निर्धारित मानकों पर सफल पाए जाने के बाद 25 जून 2026 को अस्पताल को आधिकारिक रूप से नर्सिंग उत्कृष्टता प्रमाणन प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर अस्पताल के निदेशक रेव. फादर विवियन डी'सूजा ने नर्सिंग स्टाफ, गुणवत्ता प्रबंधन टीम और सभी कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान पूरी टीम की निष्ठा, सेवा भावना और सतत परिश्रम का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की सफलता का आधार टीमवर्क और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने की प्रतिबद्धता है।

उन्होंने अस्पताल के प्रशासक रेव. फादर इलसिडोर डी'सूजा के नेतृत्व की भी सराहना करते हुए कहा कि मान्यता प्रक्रिया के दौरान उनके मार्गदर्शन और प्रभावी प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अस्पताल लगातार स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और मरीजों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए कार्य कर रहा है।

प्रबंधन ने बताया कि इससे पहले नवंबर 2024 में अस्पताल को पूर्ण एनएबीएच मान्यता प्राप्त हो चुकी है। वहीं, नवंबर 2025 में अस्पताल की पैथोलॉजी प्रयोगशाला को एनएबीएल की मान्यता भी मिली थी। अब नर्सिंग उत्कृष्टता प्रमाणन मिलने से अस्पताल ने गुणवत्ता आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर लिया है।

अस्पताल प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी मरीजों को सुरक्षित, संवेदनशील और वैज्ञानिक आधार पर उपचार उपलब्ध कराने के साथ नर्सिंग सेवाओं, रोगी सुरक्षा और चिकित्सकीय गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। यह उपलब्धि न केवल नाजरेथ अस्पताल के लिए गौरव का विषय है, बल्कि प्रयागराज में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत कमरे के अंदर फंद से लटकता मिला शव



**प्रयागराज।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र के रामपुर चौकी अंतर्गत मुंगारी गांव के बड़ी हल्दी मोहल्ले में बृहस्पतिवार आधी रात एक विवाहिता का शव कमरे के अंदर फंदे से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके वालों को सूचना दे दी गई है। पुलिस का कहना है कि उनके आने के बाद मिलने वाली तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। मुंगारी हल्दी गांव निवासी मुस्कान (24) पत्नी मोहम्मद अमन का शव बृहस्पतिवार देर रात कमरे के अंदर फंदे के सहारे लटकता पाया गया। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी होने पर स्वजनों और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। सूचना पर औद्योगिक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। थाना प्रभारी कमलेश पटेल ने बताया कि मृतका का मायका मध्य प्रदेश के जबालपुर जिले के बेलबाग थाना क्षेत्र में है। सूचना मिलने पर उसके पिता सगीर अहमद समेत अन्य परिजन प्रयागराज के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस ने रिश्तेदारों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि मुस्कान की शादी तीन वर्ष पहले हुई थी। उसके दो छोटे बच्चे हैं, जिनमें दो वर्षीय बेटी अमिमा और नौ माह का बेटा अमजद शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि मायके पक्ष के आने और उनकी तहरीर मिलने के बाद मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम सूर्य घर योजना में आवेदन तेज, राहिनी सोलर ने तीन नए आउटलेट खोलने की घोषणा की




**नैनी।** नैनी प्रधानमंत्री की पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति लोगों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। योजना के तहत एक करोड़ आवेदनों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जबकि अब तक 72 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। योजना के प्रति बढ़ती जागरूकता और बिजली बिल में बचत जैसे आर्थिक लाभों के कारण आवेदन लगातार बढ़ रहे हैं। योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च 2027 निर्धारित है। पात्र उपभोक्ताओं से समय रहते आवेदन कर योजना का लाभ लेने की अपील की गई है। यह जानकारी शुक्रवार को नैनी स्थित एक होटल में आयोजित प्रेसवार्ता में राहिनी सोलर के प्रतिनिधियों ने दी। उन्होंने बताया कि कंपनी उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले सोलर उत्पाद और विश्वसनीय सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है तथा ग्राहकों को दीर्घकालिक और प्रभावी सोलर समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। वही प्रेसवार्ता में राहिनी सोलर ने 'गुड फील फैक्टर' पहल के तहत जौनपुर, प्रतापगढ़ और गोहनिया में तीन नए सोलर आउटलेटखोलने की घोषणा की। कंपनी के अनुसार इन केंद्रों पर ग्राहकों को टाटा पावर सोलर और हैवल्स के सोलर उत्पादों की विस्तृत जानकारी, उनकी तकनीकी विशेषताओं, गुणवत्ता तथा आवश्यकता के अनुरूप उचित परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इससे अधिक से अधिक लोगों तक विश्वसनीय सोलर समाधान पहुंचाने में मदद मिलेगी। प्रेसवार्ता में यह भी बताया गया कि उत्तर प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाने के उद्देश्य से राहिनी सोलर ने एलएनटी सुफिन के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग के माध्यम से छोटे उद्यमियों को व्यापार विस्तार, वित्तीय सहायता और सौर ऊर्जा क्षेत्र में नए व्यावसायिक अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। कंपनी के अनुसार राहिनी इंटरप्राइजेस से जुड़े उद्यमियों को 20 लाख रुपये से अधिक तक की चैनल फाइनेंस सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इससे कार्यशील पूंजी, स्टॉक प्रबंधन और कारोबार के विस्तार में सहायता मिलेगी। कंपनी का कहना है कि यह पहल प्रदेश में स्वच्छ ऊर्जा के प्रसार के साथ-साथ स्थानीय उद्यमियों के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# नशा मुक्त भारत सप्ताह का समापन, जागरूकता रैली और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिया नशा छोड़ने का संदेश

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** अंतरराष्ट्रीय मादक द्रव्यों के दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी निरोधक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मद्यनिषेध विभाग, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज क्षेत्र द्वारा सुभाष चौक, सिविल लाइंस में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम के तहत प्रदर्शनी, संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक, मैजिक शो और नशा विरोधी रैली के माध्यम से लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराया गया।

यह आयोजन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत 17 से 26 जून तक मनाए गए नशा मुक्त भारत सप्ताह के समापन अवसर पर किया गया। सप्ताह भर जिले के विभिन्न स्थानों पर पोस्टर एवं निबंध प्रतियोगिताएं, संगोष्ठियां, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रदर्शनी और शपथ ग्रहण जैसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्रीय मद्यनिषेध एवं समाजोत्थान अधिकारी चारूल मिश्रा के नेतृत्व में सुभाष चौक से नशा विरोधी रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति के समर्थन में नारे लगाए और लोगों को मादक पदार्थों से दूर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को नशा न करने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में जादूगर धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने मैजिक शो के माध्यम से तथा राजेश कुमार ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे के दुष्परिणामों और उससे होने वाले सामाजिक व पारिवारिक नुकसान को प्रभावी ढंग से दशार्या।

इस अवसर पर यातायात निरीक्षक पवन कुमार पाण्डेय, ग्रामोत्थान जन सेवा संस्थान के सचिव गिरजेश श्रीवास्तव, संवेदना ट्रस्ट के सचिव अर्पित अग्रवाल, एसएस मौर्या सर्व शिक्षा समिति के सचिव दीपक अग्रवाल, सामाजिक कार्यकर्ता सोमेश कुमार, संजीवनी संस्थान के प्रबंधक देवेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. एस.पी. सिंह सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों और नागरिकों ने कार्यक्रम में सहभागिता कर नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

## ट्रक एसोसिएशन के अध्यक्ष के पिता देवी प्रसाद मिश्र के निधन से क्षेत्र में है शोक की लहर



दिवंगत देवी प्रसाद मिश्र

**मेजा।** क्षेत्र के मेजारोड बाजार निवासी एवं यमुनापार एसोसिएशन ट्रक के अध्यक्ष अखिलेश मिश्र के पिता देवी प्रसाद मिश्र का बीते गुरुवार सुबह 83 वर्ष की आयु में निधन हो गया। निधन की सूचना मिलते ही बाजार में शोक की लहर दौड़ गई। बताया गया कि देवी प्रसाद मिश्र काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे।बीते बुधवार रात अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी। परिजन उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान गुरुवार सुबह उनका निधन हो गया। उल्लेखनीय है कि देवी प्रसाद मिश्र क्षेत्र के समाजसेवी एवं मिलनसार व्यक्ति थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों की भारी भीड़ जमा हो गयी। इस दौरान शोक संतप्त परिजनों को लोग ढांढस बंधाया। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के यमुनापार जिलाध्यक्ष इंजीनियर नित्यानंद उपाध्याय, शशिकांत शुक्ला,वरिष्ठ समाजसेवी सिद्धांत तिवारी, व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय,यमुनापार विकास मंच के अध्यक्ष बाबा तिवारी व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू तिवारी महामंत्री ओपी पांडेय, अधिवक्ता पंकज तिवारी पप्पू मुअज्जम काजी,अनिल शुक्ला, भाजपा नेता नाथु गुप्ता, गुरु शुक्ला, राजेंद्र मिश्रा उर्फ राजन, कमला पटेल, रंग बहादुर यादव, सोनू शुक्ला सहित कई चर्चित और बड़े चेहरे मौजूद रहे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। परिजनों के अनुसार पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके पैतृक गांव नेवढ़िया ले जाया गया,जहां से वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। उन्होने काशी के मणिकर्णिका घाट पर अंतिम संस्कार की इच्छा दो दिन पूर्व जताई थी। उनके पुत्रों ने इसे आदेश मानकर उनका अंतिम संस्कार उनके कथनानुसार काशी में किया है।

# मोहर्रम पर निकला ताजिया का जुलूस युवाओं ने दिखाये करतब

अखंड भारत संदेश



**प्रतापगढ़।** तहसील इलाके में शुक्रवार को ताजिया के साथ जुलूस निकाला गया। गाजे बाजे के साथ नगर एवं ग्रामीण इलाकों में निकाले गये ताजिए के जुलूस को लेकर पुलिस की मुस्तैदी भी बनी दिखी। जुलूस के दौरान युवाओं ने जंग की याद में करतब दिखलाए जो लोगों में आकर्षण का केन्द्र भी बना दिखा। इसके बाद नगर व गांव में कर्बला में नम आंखों से ताजिए दफन किये गये। लालगंज नगर पंचायत के बाजार खास से निकला ताजिए का जुलूस कालाकांकर रोड, घुइसरनाथ रोड से होते हुए कर्बला पहुंचा। वहीं खानापटटी से गाजे बाजे के साथ निकाला गया ताजिए का जुलूस लालगंज बाजार होते हुए महिमापुर पुल से कर्बला पहुंचा। उधर क्षेत्र के रानीगंज कैथौला, ढिगवस, जलेशरगंज, रामपुर बावली, सांगीपुर, मसनी, पिंजरी, मुस्तफाबाद, रेहुआ लालगंज, दीवानगंज, कुम्भीआइमा, सगरा सुंदरपुर, डीहमेंहदी, साहबगंज बाजार, तिलौरी, में भी अकीदतमंदों ने हजरत इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए गम का इजहार किया। मातमी धुन में गाजे बाजे के साथ निकले जुलूस में बड़ी संख्या में युवा, बुजुर्ग व बच्चे शामिल हुए। खानापटटी मदरसा दारूल उलूम बाबुननबी के हजरत मौलाना रहमानी मियां ने कहा कि कुरान की तालीम को अमल करने पर जोर दिया। उन्होने कहा कि अल्लाह से मुसलमानों पर अहलेबैत की मोहब्बत को फर्ज किया है। इस मौके पर एबादुर्रहमान, मो. शकील, बेलाल रहमानी, आसिफ अली, इस्तियाक, मो0 मुकीम, डा0 वकील अहमद, डा0 अनीस खान, मो0 फारूक, निसार अहमद, मो0 असलम, इरफान, मो0 ईसा, जावेद खां, शेरू खां, हाजी मोहम्मद शरीफ, मो0 रजा, जियावल, अहमद रजा आदि रहे।

# विवाहिता को पीटकर घर से भगाया, पुलिस को दी तहरीर

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के श्रीनाथपुर गांव में दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को मारपीट कर घर से भगाने का मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता ने ससुराल पक्ष के लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।कधई थाना क्षेत्र के मजिस्ता गांव निवासी बनवारी लाल ने बताया कि उन्होंने अपनी बेटी सीमा देवी की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व पट्टी कोतवाली क्षेत्र के श्रीनाथपुर गांव निवासी सुशील हरिजन पुत्र राम लखन के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार की थी। शादी में उन्होंने अपनी हैसियत के अनुसार दान-दहेज और उपहार दिए थे।आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष के लोग दहेज में सोने की चेन की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित करते थे। लोक-लाज के कारण विवाहिता ने काफी समय तक मायके वालों को इसकी जानकारी नहीं दी। इस दौरान उसके एक चार वर्षीय पुत्र भी है।पीड़िता के पिता के अनुसार करीब दो माह पूर्व सीमा देवी मायके आई थी। आरोप है कि इस दौरान पति ने कहा कि जब ससुराल लौटना तो दहेज में सोने की चेन लेकर ही आना। शुक्रवार की दोपहर जब विवाहिता अपने भाई के साथ ससुराल पहुंची तो पति समेत सास, ननद, जेठानी और ससुर ने सोने की चेन के बारे में पूछताछ की। चेन लाने से इनकार करने पर सभी ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी, जिससे उसे चोटें आईं।आरोप है कि विवाहिता को ससुराल पहुंचाने आए उसके भाई के साथ भी गाली-गलौज कर धमकी दी गई। घायल अवस्था में मायके वाले विवाहिता को लेकर दोपहर करीब 3:30 बजे पट्टी कोतवाली पहुंचे और पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की।पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज झरोखा

### स्थगन आदेश के बावजूद आबादी की भूमि पर लगाया दरवाजा, विरोध पर पथराव का आरोप

**कुंडा।** तहसील के हथिगंवा थाना क्षेत्र अंतर्गत उपाध्याय का पुरवा गांव में आबादी की भूमि को लेकर विवाद तूल पकड़ गया है। पीड़िता शिव देवी पत्नी ओमप्रकाश ने आरोप लगाया है कि उनकी आबादी की भूमि, गाटा संख्या 404 रकबा 0.385, पर दीवानी न्यायालय से स्थगन (स्टे) आदेश होने के बावजूद विपक्षी श्यामनारायण पुत्र मुरलीधर तथा उसके पुत्र मोहित और दुर्गेश ने पुलिस की मौजूदगी में जबरन दरवाजा लगा दिया। पीड़िता का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो विपक्षी छत पर चढ़ गए और उनके घर पर ईंट-पत्थरों से पथराव कर दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसकी क्षेत्र में चर्चा है।शिव देवी का यह भी आरोप है कि घटना की सूचना डायल-112 पर देने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने कार्रवाई करने के बजाय उन्हें ही धमकाया। उनका कहना है कि जब उन्होंने थाने जाकर शिकायत दर्ज कराने की बात कही तो संबंधित हल्का दरोगा एवं अन्य पुलिसकर्मियों ने फर्जी मुकदमे में जेल भेजने की धमकी दी। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने बताया कि यदि शिकायत में पुलिसकर्मियों की भूमिका सामने आती है तो दोषी पुलिसकर्मी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, मामले की जांच कर आरोपियों के विरुद्ध भी नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### मूलभूत सुविधाओं के अभाव से नाराज वार्ड-5 के लोगों ने ईओ को सौंपा ज्ञापन

**कुंडा।** नगर पंचायत हीरागंज के वार्ड नंबर-5 माधव नगर के निवासियों ने मूलभूत सुविधाओं की बदहाली से नाराज होकर शुक्रवार को अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। वार्डवासियों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि वार्ड नंबर-5 को वार्ड नंबर-14 से जोड़ने वाला इंटरलॉकिंग मार्ग, ननके तिवारी के घर एवं संसारी माई के थान से वार्ड नंबर-11 के बिहार-बाबागंज रोड तक का रास्ता कच्चा है। बरसात में जलभराव के कारण लोगों का आवागमन बाधित हो जाता है। वार्ड में जल निकासी के लिए नालियों का अभाव है। जल जीवन मिशन के तहत बिछाई गई पाइपलाइन अभी तक पूरी तरह नहीं जुड़ सकी है। इससे नियमित पेयजल आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। वार्डवासियों ने साफ-सफाई व्यवस्था पर भी सवाल उठाए। नियमित कूड़ा उठान न होने से जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हैं। इससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। स्ट्रीट लाइट और सोलर लाइट न होने से शाम होते ही वार्ड में अंधेरा छा जाता है। जनहित में सभी समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई है। ज्ञापन पर बड़ी संख्या में वार्डवासियों के हस्ताक्षर हैं।

### मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**लालगंज।** मारपीट व धमकी की घटना को लेकर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के गौरही ओरीपुर नौगीर गांव निवासी दयाराम वर्मा पुत्र भागीरथी वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस जून को आठ बजे वह अपने रिश्तेदार पिण्टू वर्मा के साथ सांगीपुर जा रहा था। पीड़ित का आरोप है कि गदियान ईट भटठे के समीप घात लगाए बैठे गांव के वीर बहादुर उर्फ बिरऊ, हीरालाल उर्फ अशोक पुत्रगण रामफेर वर्मा, शिवबक्श पुत्र रामपियारे व उनका भांजा ने एकराय होकर मारापीटा। आरोपियो ने गाली देते हुए पीड़ित के वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने उसके घर जाकर उसकी पुत्री को भी मारापीटा। एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### दो पर किशोरी के अपहरण का केस

**लालगंज।** किशोरी के अपहरण को लेकर पुलिस ने महिला समेत दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव के पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पचीस जून को सुबह करीब सात बजे उसकी सोलह वषीर्या पुत्री को सूरज उर्फ सागर पुत्र विनोद कुमार निवासी छींटीपुर थाना महेशगंज बहला फुसला कर कहीं भगा ले गया। आरोपी ने अपनी मौसी रीना पत्नी वीरेन्द्र निवासिनी सराय रायजू की साजिश से घटना को अंजाम दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद दो के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# धूमधाम से मनाया गया छठा स्थापना दिवस, अखंड रामायण के बाद भंडारे का हुआ आयोजन



अखंड भारत संदेश

**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर अठगवा गांव की शुक्लान बस्ती में स्थित बाबा बालकेश्वर नाथ धाम मंदिर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी छठा स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें रामचरितमानस पाठ के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।इस दौरान राम मंदिर अब क्षेत्र का प्रमुख आस्था केंद्र बन चुका है।माँ दुर्गा और राम दरबार की स्थापित मूर्तियों लोगों का मन मोह लिया।

मंदिर के पुजारी पंडित दिवाकर नाथ तिवारी ने बताया कि ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष के भीमसेन निर्जला एकादशी के पावन दिन माँ दुर्गा और राम दरबार की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की गई थी यह मंदिर शुक्लान व मिश्रान बस्ती के में स्थिति है। शुक्ला परिवारों के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।

# शारदा सहायक नहर की सिल्ट सफाई तेज, दर्जनों मशीनें जुटीं

**कुंडा।** बाबागंज क्षेत्र में शारदा सहायक नहर की जल शाखा में सिल्ट सफाई का कार्य तेजी से चल रहा है। सिंचाई विभाग द्वारा युद्धस्तर पर चलाए जा रहे इस अभियान में दर्जनों मशीनें लगाई गई हैं। नहर में सालों से जमी सिल्ट के कारण टेल तक पानी नहीं पहुंच पा रहा था। इससे क्षेत्र के सैकड़ों किसानों की फसलें प्रभावित हो रही थीं। सिंचाई की समस्या को देखते हुए विभाग ने बड़े स्तर पर सफाई अभियान शुरू किया है। मौके पर जेसीबी, पोकलैंड समेत अन्य भारी मशीनों से सिल्ट निकालने का काम दिन-रात जारी है। विभागीय अधिकारियों का दावा है कि सफाई के बाद नहर की जल क्षमता बढ़ेगी और अंतिम छोर तक के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सकेगा। स्थानीय किसानों ने इस अभियान पर खुशी जताई है। उनका कहना है कि समय से सफाई होने पर रबी सीजन में गेहूं की बुवाई के लिए पानी की किल्लत नहीं होगी। विभाग ने सफाई कार्य को जल्द पूरा करने का लक्ष्य रखा है।

# सजी-धजी ताजिया के साथ निकला मुहर्रम जुलूस

इमामबाड़े से कर्बला तक या हुसैन से गूंजा माहौल, पुलिस-प्रशासन रहा मुस्तैद

**बेलखरनाथ धाम।** पट्टी कोतवाली क्षेत्र के शेषपुर अठगवा गांव में रविवार को मुहर्रम के मौके परंपरागत ताजिया जुलूस बड़े अकीदत के साथ निकाला गया। गांव के इमामबाड़े में तैयार की गई सजी-धजी ताजिया को देखकर लोग भावुक हो उठे। जुलूस में शामिल अकीदतमंदों ने नौहा और मातमी गीत गाते हुए ताजिये को कंधा दिया। जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में गांव के कर्बला में संपन्न हुआ।ताजिया गांव के कारीगरों द्वारा कई दिन की मेहनत से तैयार की गई थी। सफेद और चमकीले रंगों से सजी इस ताजिया में कांच और कागज की बारीक कारीगरी की गई है। इमामबाड़े से निकलने से पहले ताजिया समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने फोटो खिंचवाकर इस परंपरा को सहेजा। ताजिया समिति के लोगों ने बताया कि ये ताजिया हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों की याद में बनाई जाती है।दोपहर बाद इमामबाड़े से ताजिया उठते ही या हुसैन या हुसैन के नौहों से पूरा गांव गूंज उठा। जुलूस गांव की मुख्य गलियों और उडैयाडीह



बाजार से होकर गुजरा। इस दौरान महिलाओं और बच्चों ने छतों से ताजिये के दीदार किए।

जुलूस की सुरक्षा के लिए पट्टी कोतवाली पुलिस ने पुख्ता इंतजाम किए थे। पूरे धना चौकी इंचार्ज कमलेश कुमार,एसआई ओंकार सिंह यादव के नेतृत्व में पुलिस बल तैनात रही।देर शाम जुलूस गांव के कर्बला पहुंचा,जहां ताजिये को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। मौलवी साहब ने कर्बला की शहादत का जिक्र करते हुए देश में अमन-चैन और भाईचारे की दुआ मांगी।जुलूस में शामिल मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद सरदार,मोहम्मद सौदागर,मोहम्मद फैयाज,मोहम्मद वकील, मोहम्मद कप्तान,ननकु, राईन मोहम्मद मुख्तार, सहित गांव के अन्य लोगों ने नम आंखों से इमाम हुसैन को याद किया।

# बाइक चोर गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**बेलखरनाथ धाम।** दिलीपपुर थाना पुलिस व स्पेशल टीम ने बाइक चोरी का खुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। दिलीपपुर थानाध्यक्ष बलराम सिंह व स्पेशल टीम प्रभारी विजेन्द्र ने खीरी बीर मंदिर तथा चौखडा गांव के पास से आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गौसपुर गांव के प्रियांशु वर्मा उर्फ कल्लू, सुल्तानपुर जनपद के लंभुआ थाना क्षेत्र के नारायण पुर निवासी नितिल यादव उर्फ रितिक, पट्टी कोतवाली क्षेत्र के रामपुर बेला गांव निवासी सूरज मौर्य व सत्यम उर्फ बच्चा वर्मा को पकड़ा। इनके पास से चोरी की चार बाइक जिसमें दो हीरो स्प्लेंडर प्लस, एक यामाहा एमटी-15 व एक हीरो होंडा सीडी डीलक्स के साथ एक देशी तमंचा 315 बोर व जिंदा कारतूस भी बरामद हुआ ।

पूछताछ में आरोपियों ने पट्टी के सैफाबाद, आसपुर देवसरा के कल्हूगंज व कंधई के मंगरौरा क्षेत्र से बाइक चोरी कर सस्ते दामों में बेचने की बात कबूली । पकड़े गये बाइक चोरों के खिलाफ थाना दिलीपपुर में धारा आर्म्स एक्ट के तहत एफआईआर



दर्ज किया गया है। क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज रघुवंशी ने बताया कि हाल ही में बाइक चोरी की घटनाओं के बाद से लगातार पुलिस बाइक चोर गिरोह पर नजर रखे हुए थे,दो दिन पहले दिलीपपुर के पास तीनों आरोपी को बाइक सहित गिरफ्तार किया गया। पुलिस की पूछताछ में चार बाइक चोरी की बात कबूल की है। न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जा रहा है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार, गया जेल

**प्रतापगढ़।** लीलापुर पुलिस ने दुष्कर्म व पास्को एक्ट के मुकदमे मे वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। उप निरीक्षक सौरभ यादव पुलिस बल के साथ शुक्रवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म व पास्को एक्ट के वांछित बल्दियान हण्डौर निवासी अभिषेक सरोज पुत्र दयाराम सरोज को ढ़कवा मोड़ के पास से धर दबोचा। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# बारात में गाड़ियों के किराये को लेकर हुआ विवाद

### अर्टिगा संचालक से मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के कंजा सराय गुलामी गांव निवासी अर्टिगा संचालक सत्य प्रकाश मिश्रा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बारात में मारपीट और गाड़ियों में तोड़फोड़ किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में कार्रवाई की मांग की है।सत्य प्रकाश मिश्रा के अनुसार, गांव से जाने वाली एक बारात के लिए उन्होंने 22 गाड़ियों की व्यवस्था की थी, जिसका कुल किराया 30 हजार रुपये तय हुआ था। आरोप है कि बारात मालिक की ओर से उन्हें केवल 11,900 रुपये ही दिए गए। जब उन्होंने बकाया रकम की मांग की तो उन पर चोरी का झूठा आरोप लगाते हुए थाने में शिकायत कर दी। पीड़ित का आरोप है कि इसी बात को लेकर बारात के दौरान उनके साथ मारपीट की गई और गाड़ियों में तोड़फोड़ की गई। घटना से भयभीत चालक बारात छोड़कर जाने लगे, लेकिन किसी तरह समझा-बुझाकर उन्हें वापस लाया गया। आरोप है कि गाड़ियां वापस लाने से पहले वाहन मालिकों ने सभी गाड़ियों की जांच की।सत्य प्रकाश मिश्रा ने आरोप लगाया कि संबंधित लोगों का विवादों से पुराना नाता है और आए दिन मारपीट व झगड़े की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने शुक्रवार दोपहर करीब 11:30 बजे पट्टी कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।इस संबंध में उप निरीक्षक शुभम सिंह का कहना है कि प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच की जा रही है, जांच के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

अखंड भारत संदेश

**पट्टी।** पुलिस ने दुष्कर्म व आईटी एक्ट के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी करते हुए आरोपी को कलियनापुर नहर पुलिया के पास से दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान सूरज कुमार चौरसिया (23) निवासी ग्राम रेडीगारापुर, थाना पट्टी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, अपराधियों व वांछितों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आनंद पाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान




निरीक्षक शुभनाथ साहनी को मुखबिर से सूचना मिली कि दुष्कर्म व आईटी एक्ट से संबंधित मुकदमे का आरोपी कलियनापुर नहर पुलिया के पास मौजूद है और कहीं भागने की फिराक में है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्काल तत्परता दिखाई और मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर भागने का प्रयास कर रहे आरोपी सूरज कुमार चौरसिया को टीम ने आवश्यक बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को दबोचने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक शुभनाथ साहनी के साथ कांस्टेबल सोनू कुमार, रिक्रूट कांस्टेबल विशाल शुक्ला और रिक्रूट महिला कांस्टेबल उजाला कुमारी शामिल रहीं। पुलिस आरोपी के खिलाफ आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।

# पट्टी तहसील में हरे पेड़ों पर चल रहा आरा, जिम्मेदार मौन

**पट्टी।** पर्यावरण संरक्षण के दावों के बीच पट्टी तहसील क्षेत्र में हरे पेड़ों की कटान का खेल तेजी से चल रहा है। वन माफिया बेखौफ होकर हरियाली को उजाड़ने में जुटे हैं और जिम्मेदार विभाग आंखें मूंदे बैठे हैं। आरोप है कि वन विभाग और स्थानीय पुलिस की मिलीभगत के चलते अवैध कटान पर रोक नहीं लग पा रही है।

क्षेत्र के उड़ैयाडीह, सोनाही, दीवानगंज, पृथ्वीगंज बाजार, सैफाबाद, मुजाही, करैला, मंगडौर समेत कई स्थानों पर हरे पेड़ों की कटाई जोरों पर होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दिन-रात पेड़ों पर आरा चल रहा है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।हरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई से जहां पर्यावरण संतुलन बिगड़ने का खतरा बढ़ रहा है, वहीं आने वाली पीढ़ियों के लिए भी बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वन माफियाओं के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें किसी कार्रवाई का डर नहीं रह गया है।अब सवाल उठता है कि आखिर किसके संरक्षण में क्षेत्र में यह अवैध कटान चल रहा है? क्या जिम्मेदार अधिकारी किसी बड़ी कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं या फिर इसी तरह हरियाली का सफाया होता रहेगा। लोगों ने उच्चाधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# भतीजी का अपहरण करने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा

**पट्टी।** नाबालिग भतीजी के अपहरण के मामले में पट्टी थाना पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी को ढकवा तिराहा मोड़ के पास से दबोचा। पकड़े गए आरोपी की पहचान अमित कश्यप (22) निवासी ग्राम सरदार नगर, थाना भमोरा, जनपद बरेली के रूप में हुई है। पीड़ित वादी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि अनामिका और उसके परिवार के लोगों ने मिलकर उसकी नाबालिग भतीजी को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया है। इस वारदात में अमित कुमार नाम के युवक की संलिप्तता की भी बात सामने आई थी। पीड़िता के परिजनों ने यौन शोषण की भी आशंका जताई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पट्टी पुलिस ने आठ नामजद आरोपियों के खिलाफ




मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) आलोक कुमार व क्षेत्राधिकारी पट्टी मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी आनंद पाल सिंह ने टीम गठित की थी। शुक्रवार को उपनिरीक्षक अनीस कुमार और कांस्टेबल रमारतन मिश्रा क्षेत्र में वांछित अपराधियों की तलाश में गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर से सटीक सूचना मिली कि अपहरण के मामले का आरोपी इलाके में ही मौजूद है। पुलिस टीम ने बिना वक्त गंवाए ढकवा तिराहा मोड़ के पास घेराबंदी की और आरोपी अमित कश्यप को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब मामले के अन्य नामजद आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# बाइक चोरी का आरोपी धराया, भेजा गया जेल

**प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह शुक्रवार की सुबह पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर कुसौली जाने वाले मार्ग के पास से बाइक चोरी के आरोपी आधार का पुरवा पेड़रिया निवासी राजकुमार पुत्र हुबलाल को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया। उप निरीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार किये गये आरोपी को जेल भेज दिया गया।

# मोहर्रम को लेकर मझिलगांव-शेखपुर आशिक में किया ताजिया स्थलों का निरीक्षण



**कुंडा।** मोहर्रम पर्व के मद्देनजर शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय ने थाना कुंडा क्षेत्र के मझिलगांव एवं शेखपुर आशिक में ताजिया स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर तैनात पुलिस ड्यूटी पॉइंट्स का जायजा लिया। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी ने संवेदनशील स्थानों पर भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था की स्थिति का गहन निरीक्षण किया। संबंधित पुलिस बल को पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए।पुलिस प्रशासन का कहना है कि मोहर्रम पर्व शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न हो, इसके लिए लगातार निगरानी एवं गश्त की जा रही थी।

# कोखराज टोल प्लाजा पर एलपीजी गैस टैंकर में लगी भीषण आग दजर्नों झुलसे

अखंड भारत संदेश

**खलासी की दर्दनाक मौत 2 घंटे की कड़ी मेहनत के बाद बुझी आग**

**दजर्नों बाइक चार पहिया गाड़ी टोल प्लाजा के तीन जनरेटर सहित एक करोड़ की संपत्ति जलकर खाक**



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज बाईपास स्थित टोल प्लाजा पर शुक्रवार करीब 6:30 बजे एलपीजी गैस से भरा टैंकर डिवाइडर से टकराने के बाद आग का गोला बन गया। हादसे में टोल प्लाजा पर तैनात 7 कमर्चारी सहित दजर्नों लोग झुलस गए। आग की ऊंची लपटों से टोल के 3 बूथ जनरेटर दजर्नों बाइक कई चार पहिया गाड़ी पूरी तरह जलकर राख हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,कानपुर की ओर से बनारस कोलकाता की ओर जा रहा गैस टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर टोल की लेन-3 के डिवाइडर से टकरा गया। टक्कर से गैस का रिसाव शुरू हुआ और कुछ ही सेकंड में टैंकर ने भीषण आग पकड़ ली। आग फैलते ही टोल पर अफरा-तफरी मच गई। चीख-पुकार के बीच कमर्चारी जान बचाकर भागे। टैंकर में आग लग जाने के बाद टैंकर के चालक ने भी कूद कर जान बचाई है सूचना पर कोखराज मंझनपुर व भरवारी से दमकल की 5 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। सीओ सिराथू और थाना प्रभारी कोखराज पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बिकराल आग पर काबू पाया जा सका। इस दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग 19 पर दोनों ओर 5 किमी लंबा जाम लग गया सभी झुलसे घायलों को पहले नजदीकी सीएचसी ले जाया गया,जहां से 4 गंभीर हालत वाले कर्मियों को जिला अस्पताल मंझनपुर रेफर कर दिया गया। कुछ घायलों की हालत ज्यादा गंभीर होने पर स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। घायलों में राजेश उम्र 32 वर्ष वा सोनू उम्र 28 वर्ष वा अरविंद उम्र 35 वर्ष वा पिंटू उम्र 30 वर्ष वा मुकेश उम्र 29 वर्ष वा रामबाबू उम्र 40 वर्ष वा जितेंद्र उम्र 26 वर्ष सभी कोखराज क्षेत्र के निवासी वा हीरामणि सिंह उम्र 29वर्ष पुत्र विरेंद्र बहादुर सिंह निवासी राजापुर कुंवर मऊ सलोन नसीराबाद रायबरेली वा आलोक सिंह उम्र 27 वर्ष पुत्र अर्जुन सिंह निवासी पूरे भदोरियन थाना सलोन जनपद रायबरेली वा अतुल कुमार मिश्रा उम्र 30 वर्ष पुत्र रामायण मिश्रा निवासी वार्ड नंबर 15 नियर हैंड पंप गोरेहटा भरासियन टोला रीवा मध्य प्रदेश वा कृष्णपाल मौर्य उम्र 23 वर्ष पुत्र पुष्पराज मौर्य निवासी में रोड बासी ललितपुर वा अनिल पुत्र रामकुमार सिंह निवासी ज़राऊं बिझऊनियापुर थाना हंडिया जनपद प्रयागराज इन सभी घायलों को स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया है जिसमें हीरामणि सिंह आलोक सिंह और अनिल इनकी हालत गंभीर है बताया जाता है कि टैंकर खलासी के जल जाने से उसकी दर्दनाक मौत हो गई हालांकि टैंकर खलासी का नाम पता नहीं मिल सका है उसकी मौत की पुष्टि नहीं हुई है सीओ सिराथू ने बताया कि टैंकर चालक मौके से फरार है। टैंकर को कब्जे में लेकर चालक की तलाश की जा रही है। प्रथम दृष्टया चालक को झपकी आने से हादसा होना माना जा रहा है। गनीमत रही कि टैंकर में ब्लास्ट नहीं हुआ,वरना जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था।मौके पर सीओ सिराथू सतेंद्र तिवारी व एसओ कोखराज पुलिस की टीम राहत व बचाव में लगी रही फिलहाल टोल प्लाजा पर यातायात बहाल कर दिया गया है। आग से टोल को लाखों के नुकसान का अनुमान है।



## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की दर्दनाक मौत

**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र अंतर्गत पैगम्बरपुर मलहरा गांव के पास शुक्रवार को रेलवे लाइन पर अंडरपास ओवरब्रिज के ऊपर एक दर्दनाक हादसे में एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए। जानकारी केअनुसार मृतक युवक की पहचान विनोद कुमार पटेल उर्फ ननकु उम्र 26 वर्ष पुत्र सुखलाल निवासी पिपरी नगर पंचायत चरवा थाना चरवा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,युवक ट्रेन की चपेट में आ गया,जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे की जानकारी ग्रामीणों ने तत्काल डायल-112 पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इसके बाद संदीपन घाट थाना पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।मौके पर पहुंची संदीपन घाट थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक की शादी अभी नही हुई है

## आकाशीय बिजली गिरने से 3 मवेशियों समेत राष्ट्रीय पक्षी मोर की मौत, किसानों में मचा हड़कंप

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र में तेज गरज-चमक के साथ हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से बड़ा हादसा हो गया। खेत में चर रहे 3 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पेड़ पर बैठे राष्ट्रीय पक्षी मोर की भी बिजली गिरने से मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया।जानकारी के मुताबिक सिराथू तहसील के एक गांव में किसान के 3 मवेशी शाम को खेत में चर रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली खेत में गिरी बिजली की चपेट में आने से दो गाय और एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। पास के ही नीम के पेड़ पर बैठे मोर पर भी बिजली गिरी,जिससे उसकी भी जान चली गई।आकाशीय बिजली गिरने से किसान को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने घटना की सूचना राजस्व विभाग और वन विभाग को दी। सूचना पर पहुंची सिराथू पुलिस और वन विभाग की टीम ने मोर के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। राजस्व टीम मवेशियों के नुकसान का आकलन कर रही है एसडीएम सिराथू ने बताया कि प्राकृतिक आपदा से हुई मवेशियों की मौत पर दैवीय आपदा राहत कोष से पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाया जाएगा। मोर राष्ट्रीय पक्षी है, नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे बारिश का अलर्ट जारी किया है। लोगों से खुले में न निकलने की अपील की गई है।

## बढ़ते हत्या डकैती लूट अपराध पर तय की जाए अफसरों की जवाबदेही

**कौशांबी** समाज में अमन चैन कायम करने अपराधियों पर अंकुश लगाने और आम जनता को राहत देने के उद्देश्य से अधिकारियों और थानेदारों की भी बढ़ते अपराध पर जवाब देही तय किए जाने की आवाज बुलंद हो गई है अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम थानेदार से लेकर पुलिस अधिकारियों तक कठोर कार्यवाही किए जाने का शासन द्वारा नियम बनाए जाने की मांग आम जनता द्वारा की गई है लगातार क्षेत्र में अपराध बढ़ते हैं अपराधों पर थानेदार अंकुश नहीं लगा पा रहे हैं जिससे आम जनता भयभीत है लेकिन पोस्टमार्टम कराने और गिरफ्तारी करने तक थाना पुलिस अपनी उपलब्धि मानती है सवाल उठता है कि अपराध रोकना थानेदारों की जिम्मेदारी है या फिर पोस्टमार्टम कराना और अपराधियों की गिरफ्तारी तक थानेदारों की जिम्मेदारी सीमित रह गई है तमाम गंभीर अपराधों का खुलासा भी पुलिस नहीं कर पाती है तमाम ऐसे थाना क्षेत्र हैं जहां दजर्नों हत्याएं हो चुकी हैं दजर्नों लूट की घटनाएं हो चुकी हैं चोरी की भी घटनाएं तमाम हो चुकी है कुछ मामलों का खुलासा होता है कुछ मामले पेंडिंग फाइल में दफन कर दिए जाते हैं जिसका लाभ अपराधी उठाते हैं और फिर खुलेआम अपराध करते हैं क्षेत्र में बढ़ते अपराध के बाद भी अपराधों में अंकुश लगाने में नाकाम थानेदारों का बाल बांका नहीं हुआ है जिससे क्षेत्र में अपराधी बेखौफ हैं।

## बारिश होते ही कब्र की पहचान नष्ट होने पर विवाहिता की मौत की गुत्थी रह जाएगी अनसुलझी

**विवाहिता की संदिग्ध मौत के बाद दफन शव को खोद कर पोस्टमार्टम कराने के लिए ढाई महीने से अधिकारियों की चौखट पर फरियाद कर रहे हैं मायके के लोग**

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी कोखराज** थाना क्षेत्र के असवा गांव की विवाहित सुमिला देवी उम्र 26 वर्ष पत्नी लाल बहादुर की संदिग्ध परिस्थितियों में 4 अप्रैल 2026 को मौत के बाद मायके को बिना सूचना दिए ससुराली जनों ने शव को गंगा नदी के किनारे संदीपन घाट में कब्र खोदकर दफना दिया था लाखों रुपए दहेज की डिमांड ना पूरी होने पर विवाहिता के साथ लगातार अत्याचार होता रहा विवाहिता के साथ इसके पहले भी बार बार मारपीट होती रही कई बार ससुराल की पिटाई अत्याचार से पीड़ित होकर विवाहिता दो वर्ष तक मायके में भी रही दो वर्षों बाद पंचायत और तमाम दबाव के बाद विवाहिता ससुराल पहुंची जहां 04 अप्रैल 2026 को संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत हो गई विवाहिता की मौत का रहस्य ना उजागर हो इसलिए आनन फानन में उसे दफना दिया गया उसकी माता का कहना है कि विवाहिता को मारपीट कर गला दबाकर हत्या कर दी गई है ससुराल के लोग विवाहिता की बीमारी से मौत की बात बता रहे हैं लेकिन किसी भी अस्पताल का ढाई महीने में वह इलाज का सबूत नहीं दे सके हैं फिर भी पुलिस ससुराली जनों की भाषा बोल रही है विवाहिता की माता कमलेश देवी पत्नी रमेश चंद्र निवासी बराईसा थाना पश्चिम शरीरा को मौत की जानकारी मिली तो मायके के लोग मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक जमीन में गड्ढा खोदकर विवाहिता के शव को दफन किया जा चुका था विवाहिता के शव का पोस्टमार्टम कराए जाने के लिए उसकी माता कमलेश देवी ने जिलाधिकारी से लेकर थाना समाधान दिवस तहसील समाधान दिवस आइजीआरएस पोर्टल में शिकायती पत्र देकर कब्र से शव को खोद कर पोस्टमार्टम कराए जाने की फरियाद की लेकिन शव दफनाए जाने के बाद खोदकर पोस्टमार्टम कराए जाने के लिए ढाई महीने बाद भी कोई आदेश नहीं हुआ है विवाहिता की माता ढाई महीने से अधिकारियों की चौखट पर फरियाद लेकर न्याय की उम्मीद में दौड़ रही है सवाल उठता है कि आखिर विवाहिता की मौत का रहस्य कैसे उजागर होगा लेकिन ढाई महीने बीत जाने के बाद भी विवाहिता के शव को कब्र से खोद कर पोस्टमार्टम करने का आदेश अधिकारियों ने नहीं दिया है बताया जाता है कि मारपीट कर गला घोटकर विवाहिता की हत्या कर दी गई थी और बिना पोस्टमार्टम कराए और बिना पुलिस को सूचना दिए शव को दफन कर दिया गया है दफन किए गए शव को खोद कर पोस्टमार्टम कराए जाने के लिए विवाहिता की माता कमलेश देवी परेशान है यदि कब्र से शव खोद कर अधिकारियों ने पोस्टमार्टम करवा लिया होता तो विवाहिता की मौत की अनसुलझी गुत्थी सुलझ जाती गंगा नदी के किनारे शव दफन किए जाने के बाद यदि बारिश हो गई तो गंगा जी का जलस्तर बढ़कर कब्र के स्थान पर भर जाएगा जिससे विवाहिता के शव के कब्र की पहचान करना मुश्किल होगा और आरोपी पक्ष यही चाहता है कि बरसात होने के बाद गंगा नदी में बाढ़ आ जाए और कब्र की पहचान खत्म हो जाए जिससे विवाहिता की मौत के रहस्य का खुलासा ना हो सके विवाहिता की मौत के बाद उसके ससुराल के लोगों को पुलिस ने पूछताछ के नाम पर कई बार बुलाया था बताया जाता है की मोटी रकम चढ़ गई है जिससे पुलिस भी बरसात का इंतजार कर रही है

## या हुसैन या अली के मातम के साथ निकला मोहर्रम का जुलूस

**कोखराज पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में मोहर्रम के जुलूस में ताजिया दारों ने निकाला जुलूस**

**हिन्दू मुस्लिम एकता व भाईचारे के साथ सभी ने बढ़चढ़ कर बाटे लंगर व शरबत हज़ारों लोगों ने लिया लंगर**

अखंड भारत संदेश



**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के मलाक भायल में मोहर्रम के जुलूस में सौहार्द पूर्ण व शांतिपूर्ण तरीके से शुक्रवार 26-06-2026 को जुलूस निकाला गया इस जुलूस में या हुसैन या अली के नारों के साथ हजारों लोगों ने इमाम हुसैन की याद में जुलूस निकालकर मातम मनाते हुए चलते रहे।इसी बीच भाई चारे की मिसाल पेश करते हुए हिन्दू एकता को ध्यान में रखते हुए लंगर व शरबत बाटे गए जिसमें हजारों लोगों को शरबत ,मिठाई कोल्डड्रिंक आदि सामग्री को वितरण कर मिशाल पेश किया कई जगह नाश्ता पानी की भी व्यवस्था की गई थी जिसके चलते जुलूस मे भाग लेने वाले लोगों ने खूब सराहना किया।सुरक्षा की दृष्टिगत कोखराज पुलिस के जवान मौके पर मौजूद रहे इस मौके पर थाने के सिपाही के अलावा तमाम गणमान्य व पत्रकार व पूर्व प्रधान भी मौजूद रहे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी ताजिया मलाक भायल से से उठा कर चाकवन चौराहे से होते हुए राला कबर्ला में फूल दफन कर वापस आ कर लंगर वितरण किया जाता हैं इस मौके पर ताजिया कमेटी अध्यक्ष एहसान अहमद, मोहम्मद अकरम, इत्मीनान अहमद, सुल्तान अहमद, मोहम्मद राशिद, मोहम्मद अहमद,पूर्व प्रधान देशराज, कांग्रेस मानवाधिकार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष विष्णु सोनी, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव अजीत कुशवाहा, रमाशंकर सिंह, अंशु त्रिपाठी, अमित कुमार आदि लोगों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से मोहर्रम का जुलूस सम्पन्न हुआ।

## संदीपन घाट थाना क्षेत्र में निकाला गया ताजिया जुलूस, जगह-जगह हुआ स्वागत

**एसपी ने कस्बा मूरतगंज एवं कस्बा महगांव में भ्रमण कर मोहर्रम जुलूस का निरीक्षण किया गया**

अखंड भारत संदेश



**हर्रायपुर कौशाम्बी** संदीपन घाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत शनिवार को ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में निकाला गया ताजियादारों ने परंपरा के अनुसार ताजिया निकाली और मातम करते हुए उसे इमामबाड़े तक ले गए जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम में हिस्सा लिया।जुलूस के रास्ते में जगह-जगह लोगों द्वारा स्वागत की व्यवस्था की गई थी। श्रद्धालुओं और राहगीरों के लिए शरबत, पानी और मिठाइयों का वितरण किया गया। लोगों ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश देते हुए ताजिया जुलूस में सहयोग किया।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर संदीपन घाट थाना पुलिस भी सतर्क रही और पूरे क्षेत्र में निगरानी बनाए रखी,जिससे जुलूस शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ और इस मौके पर संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्रदेव व मूरतगंज चौकी प्रभारी कुमार शंकरम पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। दिनांक 26.06.2026 को मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत जनपद कौशाम्बी में निकल रहे ताजिया एवं अन्य जुलूसों को शांतिपूर्ण, सौहादर्पूर्ण एवं सकुशल वातावरण में संपन्न कराए जाने हेतु व्यापक पुलिस व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी श्री सत्यनारायण द्वारा कस्बा मूरतगंज एवं कस्बा महगांव में भ्रमण कर मोहर्रम जुलूस का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं कमर्चारियों को सतकर्ता एवं संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।

### न्यूज झरोखा

## कौशाम्बी में मुहर्रम पर इमाम हुसैन की याद में निकला ताज़िया जुलूस या हुसैन की सदाओं से गूंजी फिज़ा



**कौशाम्बी** मोहर्रम के त्योहार पर पूरे जिले में शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस निकाला गया है मोहर्रम के जुलूस के दौरान जगह-जगह पर भारी पुलिस फोर्स तैनात की गई थी जो लगातार सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखे हैं चायल तहसील अंतर्गत बालिहावां देह गांव में मुहर्रम के अवसर पर हजरत इमाम हुसैन की याद में अकीदत और श्रद्धा के साथ ताज़िए एवं आलम जियारत के लिए रखे गए इमामबाड़े में सुबह से देर शाम तक अकीदतमंदों का तांता लगा रहा जहां महिलाओं बच्चों बुजुर्गों और युवाओं ने ताज़ियों के सामने हाथ उठाकर मुल्क की सलामती अमन-चैन और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी शाम लगभग 5 बजे से फातिहा तिलावत-ए-कुरआन और ज़िक्र-ए-कबर्ला का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। इस दौरान लंगर-ए-हुसैनी का वितरण भी किया गया जिसे प्राप्त करने के लिए बड़ी संख्या में अक़ीदतमंद मौजूद रहे शाम करीब 5 बजे इमामबाड़े से पारंपरिक ताज़िया जुलूस निकाला गया जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की और कबर्ला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश किया। अजादारों ने मातम कर हजरत इमाम हुसैन और उनके 72 साथियों की कुर्बानियों को याद किया जुलूस की शुरुआत मोहम्मद साबिर की नोहाख्वानी से हुई उनके दर्दभरे नौहों के बीच या हुसैन या हुसैन की सदाओं से पूरा वातावरण गूंज उठा जुलूस गांव के विभिन्न मार्गों से होकर पुनः इमामबाड़े पहुंचकर संपन्न हुआ मुहर्रम की इस मजलिस और ताज़िया जुलूस के दौरान देश में अमन,भाईचारे खुशहाली और तरक्की के लिए विशेष दुआएं की गई पूरे कार्यक्रम में अनुशासन सौहार्द और धार्मिक आस्था का सुंदर वातावरण देखने को मिला

## सौहार्द पूर्ण वातावरण में निकला मोहर्रम का जुलूस



**भरवारी कौशांबी** नगर पालिका परिषद अंतर्गत कस्बा भरवारी में मोहर्रम के जुलूस में सौहार्द पूर्ण वातावरन में शांतिपूर्ण तरीके से शुक्रवार को जुलूस निकाला गया इस जुलूस की प्रमुख बात यह है कि हिन्दू मुस्लिम भाइयों के बीच में जबरदस्त भाई चारा निभाते हुए जगह जगह नाश्ता पानी की व्यवस्था की गई थी जिसके चलते जुलूस मे चार चांद लगाने का कार्य हो जाता है वही सुरक्षा की दृष्टिगत चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवान मौजूद रहे इस मौके पर भरवारी चौंकी के सिपाही के अलावा सिंघिया और कोखराज के सिपाही के अलावा पीएसी के जवान मुस्तैद रहे ' मोहर्रम के जुलूस में दरवेश पुर दो मुरादपुर से दो भरवारी रोही लगभग आधा दर्जन ताजिया निकली जाती है को खल्लाबाद करबला से उठकर पुरानी बाजार होते हुए गौरा में नाश्ता पानी करने के बाद वापस करबला में दफन कर दिया जाता है ' इस मौके पर समाजवादी पाटी के प्रदेश सचिव एवं पूर्व चेयरमैन कैलाश केशरवानी पार्षद प्रतिनिधि तुषार केशरवानी हिमांशु बैंक व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष संतोष इंदर केशरवानी कांग्रेस के तामजीदु अहमद मुन्ना भाई हफ़िश जी समाजवादी पाटी के जिला महासचिव गुलाम हुसैन पार्षद मुन्नन हुसैन मोइन भाई आदि लोग शामिल थे '



## बोलेरो का टायर फटने से अनियंत्रित होकर पलटी गाड़ी, 7 गंभीर घायल

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिसारा गांव के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार बोलेरो का अगला टायर फटते ही चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और बोलेरो डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क किनारे कई बार पलट गई। हादसे में वाहन सवार 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जाती है घटना के बाद मौके पर आसपास के लोग पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी गई सूचना मिलते ही कोखराज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से बोलेरो में फंसे घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस से पीएचसी कोखराज भेजा गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वाहन के पंजीकरण नंबर अप 73 डब्लू 7279 के आधार पर उनके परिजनों को सूचना दे दी गई है। क्रेन की सहायता से क्षतिग्रस्त बोलेरो को हटाकर यातायात सामान्य कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर अग्रिम विधिक कार्रवाई में जुटी है।दुर्घटना में घायलों में श्रीराम उम्र करीब 55 वर्ष पुत्र छोटई सरोज वा जगपत उम्र 75 वर्ष पुत्र मैकू सरोज वा छेद्दु उम्र 48 वर्ष पुत्र सुंदर सरोज वा आंशिक उम्र 11 वर्ष पुत्री शिवलाल वा नंदिनी उम्र 10 वर्ष पुत्री हरिश्चंद्र सरोज वा निरंजन पुत्र दिनेश सरोज वा चालक सुमन तिवारी गंभीर रूप से घायल है जिनको प्रयागराज रेफर किया गया

## स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय कौशाम्बी में ही मिलेगा उन्नत स्त्री रोग उपचार

अखंड भारत संदेश



पहली बार हुई सैक्रल कोल्पोपेक्सी सजरी, महिलाओं को बड़ी राहत, अब जनपद में ही उपलब्ध होगा उन्नत स्त्री रोग शल्य चिकित्सा उपचार

**कौशांबी** स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कौशाम्बी ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज करते हुए पहली बार वैजाइनल वाल्ट सस्पेंशन (सैक्रल कोल्पोपेक्सी) जैसी जटिल एवं उच्चस्तरीय स्त्री रोग शल्यक्रिया सफलतापूर्वक सम्पन्न की है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय की चिकित्सीय दक्षता को प्रदर्शित करती है,बल्कि जनपद एवं आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है। यह सफल ऑपरेशन स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग की वरिष्ठ विशेषज्ञ डा. यासमीन उबैद (सह आचार्य) के नेतृत्व में सम्पन्न किया गया। शल्यक्रिया में डा. विशाखा दीक्षित,वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट डा. टी.बी. मौर्य, ओ.टी. टेक्नीशियन दीपक कुमार एवं हिमांशु तथा स्टाफ नर्स कौशल देवी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेषज्ञों के अनुसार, कई महिलाओं में बच्चेदानी निकालने (हिस्टेरेक्टॉमी) के पश्चात एक गंभीर जटिलता के रूप में वैजाइनल वाल्ट प्रोलैप्स की समस्या उत्पन्न हो जाती है, जिसमें योनि का ऊपरी भाग अपनी सामान्य स्थिति से नीचे खिसककर बाहर आने लगता है। इस कारण मरीज को मल-मूत्र त्यागने में कठिनाई,चलने-फिरने में असुविधा तथा दैनिक जीवन में अनेक शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है। सैक्रल कोल्पोपेक्सी आधुनिक चिकित्सा विज्ञान की एक उन्नत एवं प्रभावी शल्यक्रिया है, जिसके माध्यम से प्रभावित अंग को पुनः उसकी प्राकृतिक स्थिति में स्थापित कर मरीज को स्थायी राहत प्रदान की जाती है। इस जटिल प्रक्रिया का सफल निष्पादन महाविद्यालय में उपलब्ध विशेषज्ञ चिकित्सकों एवं आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का प्रमाण है। महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. (डा.) हरिओम कुमार सिंह ने इस उपलब्धि पर पूरी चिकित्सा टीम को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य जनपदवासियों को महानगरों के समकक्ष गुणवत्तापूर्ण एवं उन्नत चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों की प्रतिबद्धता, तकनीकी दक्षता एवं टीमवर्क के परिणामस्वरूप आज महाविद्यालय नई-नई चिकित्सा उपलब्धियों को प्राप्त कर रहा है। इस सफलता के साथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय ने महिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया अध्याय जोड़ा है तथा यह सिद्ध किया है कि जनपद स्तर पर भी जटिल एवं उन्नत शल्यक्रियाएं सफलतापूर्वक सम्पन्न की जा सकती हैं। इससे क्षेत्र की महिलाओं को समय पर उपचार मिलने के साथ-साथ अनावश्यक आर्थिक एवं मानसिक बोझ से भी राहत मिलेगी।

# छह दिन से लापता टैक्सी चालक का शव बस स्टैंड की छत पर मिला

## ● परिजनों ने दो युवकों पर जताया संदेह, नशे के एंगल से भी जांच में जुटी पुलिस

अखंड भारत संदेश







**शिवपुरी।** शहर के बस स्टैंड स्थित कोटा वाली प्रतीक्षालय की छत पर शुक्रवार को एक टैक्सी चालक का सड़ा-गला शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान गोलू उर्फ अशोक रजक, निवासी रेंज ऑफिस के पास, झांसी रोड के रूप में हुई है। वह पिछले छह दिनों से लापता था। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बाद में शव परिजनों को सौंप दिया गया। जानकारी के अनुसार गोलू उर्फ अशोक रजक 21 जून की सुबह अपनी टैक्सी लेकर घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। उसी दिन शाम को उसकी टैक्सी नीलगर चौराहे पर लावारिस हालत में मिली थी। इसके बाद उसकी पत्नी मोहनी रजक ने देहात थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी और लगातार पति की तलाश कर रही थी।



### स्मैक, शराब और अन्य पहलुओं पर जांच

पुलिस जांच में यह बात भी सामने आई है कि मृतक गोलू रजक स्वयं भी नशे का आदी था। पुलिस इस संभावना की भी जांच कर रही है कि उसकी मौत स्मैक के हाई डोज, अत्यधिक शराब सेवन अथवा किसी आपराधिक घटना के कारण हुई हो सकती है। वहीं कोतवाली पुलिस का कहना है कि मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।

### आखिरी बार दो युवकों के साथ देखा गया था

मोहनी रजक ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि उनके पति को आखिरी बार कल्लू खटीक और भैयालाल खटीक के साथ देखा गया था। उनका आरोप है कि दोनों युवक स्मैक का नशा करते हैं। उन्होंने पति की मौत के मामले में दोनों पर संदेह जताते हुए निष्पक्ष जांच और कठोर कार्रवाई की मांग की है।




## नशा निषेध दिवस पर रेडक्रॉस भवन में चला जागरूकता अभियान, कैडेट्स ने ली नशामुक्ति की शपथ

**फतेहपुर।** अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रेडक्रॉस भवन में बहुआयामी जागरूकता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व रेडक्रॉस चेयरमैन एवं उत्तर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने किया राजकीय महिला महाविद्यालय की एनसीसी कैडेट्स के मध्य नशामुक्ति, जल संरक्षण, टीबी जागरूकता एवं सीपीआर प्रशिक्षण अभियान चलाया गया। डॉ अशोक कुमार गुप्ता ने कैडेट्स को टीबी रोग के लक्षण, बचाव के उपाय, उपचार की प्रक्रिया व निक्षय मित्र बनने हेतु विस्तार से जानकारी दी। डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कैडेट्स को वाटर बेल लगाने तथा आरओ से निकलने वाले पानी को एकत्र कर उपयोग में लाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सभी को जल संरक्षण जागरूकता निवेदन पत्रक भी वितरित किए गए। नशामुक्ति अभियान के तहत डॉ अनुराग ने कहा कि "हमारा शरीर डस्टबिन नहीं है।" तम्बाकू उत्पादों के सेवन से कैंसर जैसी घातक बीमारियां होती है, जबकि अधिक अल्कोहल के प्रयोग से लीवर खराब हो जाता है। उन्होंने सभी से स्वयं नशे से दूर रहने व दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस कार्यकारिणी सदस्य चैतन्य कुमार व प्रबंध समिति सदस्य उमेश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



## सपा कार्यालय में मनी छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती

### सांसद नरेश पटेल बोले- उन्होंने रखी सामाजिक न्याय की नींव

**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में शुक्रवार को सामाजिक क्रांति के अग्रदूत छत्रपति शाहू जी महाराज की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत उनके चित्र पर माल्यार्पण से हुई, जिसके बाद विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी में मुख्यातिथि सांसद नरेश उत्तम पटेल ने छत्रपति शाहू जी महाराज के जीवन व कार्यों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शाहू जी महाराज ने सामाजिक न्याय की मजबूत नींव रखते हुए सबसे पहले पिछड़े और वंचित वर्गों के लिए शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में आरक्षण लागू किया था। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।गोष्ठी की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह ने की। इस दौरान पूर्व सांसद डॉ अशोक पटेल, नगरपालिका चेयरमैन एड. राजकुमार मौर्या, पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव, विपिन यादव, प्रवक्ता एड. जगदीश सिंह, कमलेश वर्मा, राम कृपाल सोनकर, मनोज यादव, देवेंद्र लोधी, अनिरुद्ध यादव, डॉ राम नरेश पटेल, जगनायक सचान, फौजी धर्मपाल पटेल, हीरालाल साहू, नरेंद्र प्रजापति, आशीष नामदेव, रईस अहमद समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान आठ वर्षीय मासूम की मौत

अखंड भारत संदेश

**शिवपुरी।** शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में उपचार के दौरान बदरवास तहसील के ग्राम बारौद निवासी आठ वषीय अंशुल केवट की मौत हो गई। मासूम लंबे समय से पैरालाइसिस एवं पीलिया जैसी गंभीर बीमारियों से जूझ रही थी। बच्ची की मौत के बाद उसके पिता कृष्णपाल केवट ने मेडिकल कॉलेज के नर्सिंग स्टाफ पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। सूचना मिलते ही मेडिकल कॉलेज चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार अंशुल की तबीयत बिगड़ने पर उसे उपचार के लिए दिल्ली के एक अस्पताल में भती कराया गया था, जहां करीब एक माह तक इलाज चला। उपचार के दौरान उसकी हालत में सुधार होने लगा, लेकिन सांस लेने में परेशानी के कारण चिकित्सकों ने ट्रेकियोस्टॉमी कर उसके गले में विशेष नली लगाई थी, जिससे उसे सांस लेने में सुविधा मिल सके।

**पिता ने नर्सिंग स्टाफ पर लापरवाही के लगाए गंभीर आरोप**

**20 दिन से मेडिकल कॉलेज में चल रहा था इलाज, दिल्ली में एक माह तक कराया था उपचार, पुलिस ने शुरू की जांच**



**20 दिन पहले शिवपुरी मेडिकल कॉलेज में कराया था भर्ती :** दिल्ली में हालत में सुधार होने के बाद परिजन उसे आगे के उपचार के लिए शिवपुरी मेडिकल कॉलेज लेकर आए। यहां पिछले करीब 20 दिनों से उसका इलाज चल रहा था। परिजनों का कहना है कि ट्रेकियोस्टॉमी की नली हटाने की प्रक्रिया अभी पूरी नहीं हुई थी।

### बिना चिकित्सक की मौजूदगी सप्लाई बंद करने का आरोप

बच्ची के पिता कृष्णपाल केवट का आरोप है कि गुरुवार तड़के करीब चार बजे नर्सिंग स्टाफ ने बिना चिकित्सक की मौजूदगी के ट्रेकियोस्टॉमी की नली की सप्लाई बंद कर दी, जिससे बच्ची को सांस लेने में गंभीर परेशानी होने लगी। उन्होंने बताया कि वह वार्ड से लेकर इमरजेंसी तक मदद के लिए दौड़ते रहे, लेकिन समय पर न तो डॉक्टर पहुंचे और न ही आवश्यक उपचार मिल सका। सुबह करीब सात बजे अंशुल ने दम तोड़ दिया।

### इलाज में खर्च हुए 20 लाख रुपये, जमीन तक बेचनी पड़ी

कृष्णपाल केवट ने बताया कि बेटी के इलाज में अब तक 20 लाख रुपये से अधिक खर्च हो चुके थे। इसके लिए परिवार को अपनी जमीन तक बेचनी पड़ी। उनका कहना है कि बच्ची की हालत पहले से बेहतर हो रही थी, लेकिन मेडिकल कॉलेज में हुई कथित लापरवाही के कारण उसकी जान चली गई।

### पुलिस ने शुरू की जांच

घटना की सूचना मिलने पर मेडिकल कॉलेज चौकी पुलिस ने मामले की जांच प्रारंभ कर दी है। पुलिस का कहना है कि जांच में जो तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं, अस्पताल प्रबंधन की ओर से इस मामले में आधिकारिक प्रतिक्रिया का इंतजार है।

# न्यूज झरोखा

## सुल्तानपुर घोषः जोरदार बारिश से मौसम हुआ सुहाना, किसानों के चेहरे खिले



**सुल्तानपुर घोष (फतेहपुर)।** ऐरायां विकास खंड के घोष क्षेत्र में शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे गरज-चमक के साथ जोरदार बारिश शुरू हुई। बारिश होने से कई दिनों से पड़ रही उमस और भीषण गमी से लोगों को बड़ी राहत मिली। वहीं किसानों के लिए यह बारिश किसी अमृत से कम नहीं मानी जा रही है। धान की रोपाई और खरीफ फसलों की तैयारी में जुटे किसानों का कहना है कि समय पर हुई यह वर्षा खेतों के लिए बेहद लाभदायक साबित होगी। बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी आने के साथ कृषि कार्यों में भी तेजी आने की उम्मीद है।बारिश के चलते मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया और लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह अच्छी बारिश होती रही तो खरीफ की फसल के लिए यह काफी लाभकारी सिद्ध होगी।

## रन्नौद में नाजिया इलाही खान के कथित बयान के विरोध में मुस्लिम समाज का प्रदर्शन



**शिवपुरी।** जिले के रन्नौद कस्बे में शुक्रवार को नाजिया इलाही खान के कथित आपत्तिजनक बयान के विरोध में मुस्लिम समाज ने प्रदर्शन कर प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। शहर काजी मोहम्मद जाकिर के नेतृत्व में समाज के लोगों ने नरवर तहसीलदार एवं रन्नौद थाना प्रभारी को ज्ञापन देकर संबंधित मामले में एफआईआर दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई तथा गिरफ्तारी की मांग की।ज्ञापन में मुस्लिम समाज ने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वीडियो में नाजिया इलाही खान द्वारा हजरत आयशा के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है। समाज का कहना है कि इस बयान से मुस्लिम समुदाय की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं और लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।मुस्लिम समाज के प्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर नाजिया इलाही खान के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज की जाए तथा उन्हें गिरफ्तार किया जाए। ज्ञापन में कहा गया कि इस प्रकार के कथित बयान सामाजिक एवं धार्मिक सौहार्द को प्रभावित कर सकते हैं, इसलिए प्रशासन को गंभीरता से कार्रवाई करनी चाहिए।ज्ञापन सौंपने के दौरान मुस्लिम समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे। समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े विषयों पर किसी भी प्रकार की कथित आपत्तिजनक टिप्पणी समाज में तनाव उत्पन्न कर सकती है। उन्होंने प्रशासन से मामले में शीघ्र एवं निष्पक्ष कार्रवाई की अपेक्षा जताई।

## गाली-गलौज व धमकी का वांछित तमंचे-कारतूस संग गिरफ्तार




**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत थाना ललौली पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी के मामले में वांछित अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। थाना ललौली पुलिस ने मु0अ0सं0 174/2026 धारा 352/351(3) बीएनएस के वांछित पप्पू उर्फ रामप्रकाश पुत्र श्रीपाल उर्फ जगनन्दन निषाद, निवासी ग्राम शंकरपुर, उम्र करीब 43 वर्ष को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक अदद नाजायज तमंचा .315 बोर एवं दो अदद जिंदा कारतूस .315 बोर बरामद हुए।गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोतरी करते हुए गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा गया है।गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में चौकी प्रभारी दतौली उ0नि0 रोहित कुमार, का0 पूरनमल व का0 अनिल पटेल शामिल रहे।

## मंडवा ग्राम पंचायत में आवास सूची का खुली बैठक में सत्यापन



**फतेहपुर।** जनपद के मंडवा ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना की पात्रता सूची का खुली बैठक के माध्यम से सत्यापन कराया गया। यह बैठक ग्राम पंचायत अधिकारी विपिन कुमार तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।/ग्राम प्रधान सियापति प्रधान प्रतिनिधि सुग्रीव यादव बैठक में ग्रामवासियों की उपस्थिति में आवास सूची का बिंदुवार सत्यापन किया गया तथा पात्र एवं अपात्र लाभार्थियों के संबंध में लोगों से सुझाव लिया अधिकारियों ने बताया कि सत्यापन प्रक्रिया का उद्देश्य योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक पात्र लोगों तक पहुंचाना और पारदर्शिता बनाए रखना है। इस दौरान ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, कमर्चारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# गाय पर मालिकाना हक के विवाद में दो पक्ष भिड़े, लाठी-डंडे चले, तीन घायल, पांच के खिलाफ केस

अखंड भारत संदेश







**शिवपुरी।** देहात थाना क्षेत्र के ग्राम हातौद में गाय के मालिकाना हक को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने से तीन लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भती कराया गया है। पुलिस ने एक पक्ष की शिकायत पर पांच आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जबकि दूसरे पक्ष की ओर से भी शिकायत मिलने पर एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, ग्राम हातौद निवासी 58 वषीय इन्द्रजीत सिंह सरदार ने शिकायत में बताया कि एक देशी गाय पिछले करीब पांच वर्षों से उनके पास है। गुरुवार शाम वह अपने भाई परमजीत सिंह के साथ घर के बाहर खड़े थे। इसी दौरान ग्राम गांगोली निवासी लक्ष्मण सिंह गुर्जर, पप्पू गुर्जर, जण्डेल सिंह गुर्जर और अन्य लोग वहां पहुंचे। आरोप है कि उन्होंने गाय पर अपना मालिकाना हक जताते हुए उसे अपने साथ ले जाने का प्रयास किया। शिकायत के मुताबिक, गाय देने से इनकार करने पर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि लक्ष्मण सिंह ने लाठी से हमला किया, जबकि पप्पू गुर्जर ने इन्द्रजीत सिंह के साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके भाई परमजीत सिंह को भी लाठी-डंडों से पीटा गया, जिससे उन्हें हाथ, कोहनी और छाती में चोटें आईं। शोर सुनकर मौके पर पहुंचीं इन्द्रजीत सिंह की पत्नी परबिन्दर कौर और परिवार की अन्य महिलाओं के साथ भी कथित रूप से धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। घटना में तीन लोग घायल हुए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। देहात थाना पुलिस ने इन्द्रजीत सिंह की शिकायत पर लक्ष्मण सिंह गुर्जर, पप्पू गुर्जर, जण्डेल सिंह गुर्जर, गोपाल गुर्जर और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। वहीं, दूसरे पक्ष की शिकायत पर भी एनसीआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के आरोपों की जांच के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कोलारस में कबाड़ के चार स्टॉलों में लगी भीषण आग, दो घंटे की मशक्कत के बाद बुझी, लाखों का सामान राख




**शिवपुरी।** जिले के कोलारस कस्बे में शुक्रवार को जगतपुर तिराहे के पास कबाड़ के चार स्टॉलों में अचानक भीषण आग लग गई। आग ने देखते ही देखते चारों स्टॉलों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे वहां रखा बड़ी मात्रा में कबाड़ जलकर राख हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची दमकल टीम ने करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार हादसे में करीब एक लाख रुपये का नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, टीवीएस शोरूम के सामने स्थित चारों कबाड़ स्टॉल विष्णु कोरकू के हैं। शुक्रवार होने के कारण स्टॉल बंद थे। बताया जा रहा है कि आग स्टॉल के पीछे की ओर से शुरू हुई और कुछ ही देर में चारों स्टॉलों में फैल गई। आग की ऊंची लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग बुझाने का अभियान शुरू किया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दमकल वाहन में तीन बार पानी भरना पड़ा। इसके अलावा दो अतिरिक्त पानी के टैंकरों की मदद भी ली गई। दमकल कर्मियों ने लगातार करीब दो घंटे तक प्रयास कर आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया और आसपास की दुकानों तक आग फैलने से रोक दिया। फिलहाल आग लगने के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस और संबंधित विभाग ने मामले की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद ही आग लगने के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।



## मिशन शक्ति 5.0 फेज-2: फतेहपुर के सभी थानों में चला महिला जागरूकता अभियान

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में गुरुवार को जनपद के समस्त थानों पर मिशन शक्ति अभियान 5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिला सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। सभी थानों की मिशन शक्ति व एंटी रोमियो टीमों ने बाजारों, सार्वजनिक स्थलों पर जाकर बालिकाओं, महिलाओं एवं आमजन को मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों की जानकारी दी। टीमों ने महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम, उनके अधिकारों की रक्षा एवं आत्मरक्षा के उपायों पर विस्तार से चर्चा की। ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गया और उनकी समस्याओं के त्वरित व विधिपूर्ण निस्तारण का भरोसा दिलाया गया। अभियान के दौरान महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया गया।

## शांतिभंग में चार का चालान, दो वांछित गिरफ्तार, 480 वाहनों पर कार्रवाई

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन में गुरुवार को जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न कार्रवाई की गई। शांतिभंग की आशंका में चार व्यक्तियों को गिरफ्तार कर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किया गया।थाना असोथर क्षेत्र से चार अभियुक्तों के विरुद्ध धारा 170/126/135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई हुई। वांछित अभियुक्तों की धरपकड़ में थाना ललौली व थाना बिंदकी से एक-एक वांछित को गिरफ्तार किया गया।यातायात अभियान में पुलिस ने दो वाहनों से 2000 रुपये शमन शुल्क वसूला। चेकिंग के दौरान 480 वाहनों का चालान किया गया तथा दो वाहन सीज किए गए।

# जिला अस्पताल में गार्ड पर हमला : बाइक अंदर ले जाने से रोकने पर कड़े से किया वार

अखंड भारत संदेश

**माथे पर चोट लगने से गार्ड घायल आरोपी बाइक छोड़कर फरार; पुलिस ने शुरू की जांच**



**शिवपुरी।** जिला अस्पताल के मुख्य प्रवेश द्वार पर शुक्रवार को ड्यूटी के दौरान एक सुरक्षा गार्ड पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। अस्पताल परिसर में बाइक ले जाने से रोकने पर एक युवक ने गार्ड के साथ मारपीट कर दी और हाथ में पहने कड़े से उसके माथे पर वार कर घायल कर दिया। घटना के बाद आरोपी अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शांति नगर कॉलोनी निवासी भास्कर दांगी शुक्रवार को जिला अस्पताल के मुख्य गेट पर सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान बाइक क्रमांक एमपी-33-एमके-1971 से एक युवक अस्पताल पहुंचा और अपनी बाइक को अस्पताल परिसर के अंदर ले जाने की जिद करने लगा। गार्ड ने अस्पताल के नियमों का हवाला देते हुए उसे बाइक अंदर ले जाने से मना कर दिया। गार्ड के रोकने से नाराज युवक ने पहले बहस की और फिर मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि उसने हाथ में पहने लोहे के कड़े से भास्कर दांगी के माथे पर वार कर दिया, जिससे उनका माथा फट गया और खून बहने लगा।घटना के दौरान लोगों की भीड़ जुटने लगी, जिसे देख आरोपी अपनी बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। घायल भास्कर दांगी को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। उपचार के बाद उन्होंने कोतवाली थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।कोतवाली पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। मौके पर छोड़ी गई बाइक के आधार पर आरोपी की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जल्द ही आरोपी को पकड़ लिया जाएगा।

# जनपद के दो दिवसीय दौरें पर आई वन एवं पर्यावरण विभाग की प्रमुख सचिव

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग उत्तर प्रदेश की प्रमुख सचिव वी० हेकाली झिमोमी अपने दो दिवसीय दौरे के तहत शुक्रवार को जनपद आईं। इस महत्वपूर्ण दौरे के पहले दिन उन्होंने पौधरोपण अभियान 2026 की तैयारियों की गहन समीक्षा की तथा विभागीय गतिविधियों का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

प्रमुख सचिव ने पौधरोपण अभियान 2026 की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। जिसमें आगामी पौधरोपण अभियान की रूपरेखा, लक्ष्य निर्धारण, पौधों की उपलब्धता, गड्ढों की खुदाई, स्थल चयन एवं विभागीय समन्वय जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गहन मंथन हुआ। इस दौरान प्रमुख सचिव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधरोपण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा गुणवत्तापूर्ण पौधों की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। कहा कि पौधरोपण मात्र औपचारिकता न होकर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सशक्त कदम है, अतः रोपित पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। अधिकारियों को निर्देश दिए कि पौधरोपण अभियान में जनसहभागिता सुनिश्चित की जाए तथा स्कूली बच्चों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं ग्राम पंचायतों को भी इस अभियान से जोड़ा जाए।

इसके बाद पश्चात प्रमुख सचिव ने जनपद स्थित नर्सरी एवं अग्रिम मृदा कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पौधशालाओं की वास्तविक स्थिति का जायजा लिया तथा तैयार किए जा रहे पौधों की गुणवत्ता का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने नर्सरी में विभिन्न प्रजातियों के पौधों की उपलब्धता की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों से पौधों की संख्या, उनकी देखभाल एवं वितरण योजना के संबंध में भी विस्तृत जानकारी ली। अग्रिम मृदा कार्य का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कार्य की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया तथा कुछ बिंदुओं पर आवश्यक सुधार के निर्देश भी दिए। स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नर्सरी में स्थानीय पर्यावरण के अनुकूल पौधों की प्रजातियों को प्राथमिकता दें ताकि रोपण के पश्चात पौधों के जीवित रहने की दर अधिक हो सके।

इसके अलावा प्रमुख सचिव ने अधिकारियों से विभागीय कार्यों की प्रगति की बिंदुवार जानकारी ली तथा स्पष्ट किया कि शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य करते हुए जमीनी स्तर पर बेहतर परिणाम सुनिश्चित किए जाएं। इस मौके पर प्रभागीय वनाधिकारी प्रत्यूष कुमार कटियार, उप प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, डीपीओ गोपाल कृष्ण गुप्ता, आईटी प्रभारी दानिश वसीम आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने बैठक कर की पर्यटन विकास परियोजनाओं की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पर्यटन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में कैंप कार्यालय में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने जनपद में संचालित सभी प्रमुख पर्यटन विकास कार्यों एवं योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित कार्यदायी संस्थाओं एवं अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक के दौरान चोपड़ा कुंड के विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग को निर्देशित किया कि पूर्व की भांति फाउंटेन पुनः संचालित कराया जाए तथा कुंड में पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए स्थल का सौंदर्यीकरण पूर्ण कर नगर पालिका को हैंडओवर करें। इसके अतिरिक्त कामदगिरि परिक्रमा मार्ग, रामघाट, वाल्मीकि आश्रम एवं तुलसी समग्र पर्यटन विकास योजना सहित अन्य प्रमुख परियोजनाओं की भी विस्तार से समीक्षा की तथा संबंधित कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड बांदा यूनिट-13 को निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं। स्पष्ट किया कि कार्य में अनावश्यक विलंब होने पर संबंधित ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार पेनाल्टी एवं आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बेड़ी पुलिया के सौंदर्यीकरण, प्लांटर लगाए जाने, लैंडस्केपिंग कार्य तथा निमार्णाधीन पेडेस्टल पर भगवान श्रीराम की प्रतिमा स्थापित किए जाने के भी निर्देश दिए गए।

पर्यटन विभाग को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं को चित्रकूट तीर्थ विकास परिषद को हस्तांतरित किया जाना है, उनकी हैंडओवर संबंधी पत्रावली एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाए, जिससे उनका संचालन एवं अनुरक्षण समयबद्ध रूप से सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में चिन्हित सभी कमियों को दूर करने के लिए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं को 15 दिवस का समय प्रदान किया गया। डीएम ने निर्देश दिए कि सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराए जाएं तथा 15 दिन पश्चात पुनः समीक्षा बैठक आयोजित कर प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## अकीदत और एहतराम के साथ मनाया गया मुहर्रम, मातमी धुनों के बीच निकाले गए ताजिए

**चित्रकूट।** इस्लामी कैलेंडर के पहले महीने मुहर्रम की 10वीं तारीख यौम-ए-आशूरा पर जनपद में मुस्लिम समुदाय द्वारा हजरत इमाम हुसैन एवं कर्बला के शहीदों की याद में पूरी अकीदत और एहतराम के साथ ताजिए निकाले गए। जनपद के सभी तहसीलों के विभिन्न स्थानों से उठे ताजियों के जुलूस ने माहौल को गमगीन कर दिया। ह्यह्यया हुसैन, या हुसैनह्यह्य की सदाओं से पूरा वातावरण गूंज उठा।

मुहर्रम के अवसर पर शहर के प्रमुख इमामबाड़ों एवं मस्जिदों में मजलिसों का आयोजन किया गया, जिनमें उलेमा एवं मौलानाओं ने कर्बला की दर्दनाक दास्तान बयान करते हुए हजरत इमाम हुसैन की कुबार्नी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में जुल्म एवं नाइंसाफी के खिलाफ अपनी जान कुर्बान कर दी, लेकिन बातिल के सामने सिर नहीं झुकाया। मौलानाओं ने अपने खिताब में कहा कि इमाम हुसैन की शहादत मानवता, सच्चाई और इंसाफ की सबसे बड़ी मिसाल है। उन्होंने हक और सच्चाई के लिए जो कुबार्नी दी, वह रहती दुनिया तक याद की जाती रहेगी। कर्बला का पैगाम यह है कि जुल्म चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, उसके आगे झुकना नहीं चाहिए।

यौम-ए-आशूरा के दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों ने रोजा रखा तथा विशेष इबादत की। मस्जिदों में नमाजों के बाद हजरत इमाम हुसैन एवं कर्बला के शहीदों की मगफिरत के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। मुल्क में अमन, चैन एवं भाईचारे की दुआ भी की गई। शहर के विभिन्न मोहल्लों से ताजियों के जुलूस निर्धारित मार्गों से होते हुए कर्बला तक पहुंचे, जहां विधिवत रूप से ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जुलूस के दौरान नौजवानों ने मातम किया तथा सीनाजनी की। बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाएं भी बड़ी संख्या में ताजियों के साथ चल रहे थे। जुलूस के मार्ग में जगह-जगह सब्बील लगाई गई थी, जहां शरबत, पानी एवं अन्य पेय पदार्थों का वितरण किया गया। हिंदू एवं मुस्लिम दोनों समुदायों के लोगों ने मिलकर सब्बीलों का आयोजन किया, जो गंगा-जमुनी तहजीब की बेहतरीन मिसाल पेश कर रहा था।

मुहर्रम के जुलूस को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जुलूस मार्ग पर पीएसी एवं पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। ड्रोन कैमरों एवं सीसीटीवी के माध्यम से भी पूरे आयोजन पर नजर रखी गई। यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के लिए विशेष प्रबंध किए गए थे तथा संवेदनशील मार्गों पर वाहनों के आवागमन को नियंत्रित किया गया।

मुस्लिम समुदाय के प्रबुद्ध लोगों ने कहा कि मुहर्रम केवल मातम का महीना नहीं है, बल्कि यह सब्र, कुबार्नी एवं हक की लड़ाई का पैगाम देता है। इमाम हुसैन की शहादत से हमें यह सीख मिलती है कि जिंदगी में सच्चाई के रास्ते पर चलते हुए हर मुश्किल का सामना करना चाहिए। देर शाम तक ताजियों के सुपुर्द-ए-खाक का सिलसिला चलता रहा। जिला प्रशासन की चाक-चैबंद व्यवस्था के बीच मुहर्रम का पर्व पूरी शांति एवं अमन के साथ संपन्न हुआ। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने प्रशासन की व्यवस्था एवं हिंदू भाइयों के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# वृद्धाश्रम विनायकपुर में स्वास्थ्य शिविर लगाकर किया गया वृद्धजनों का उपचार

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला होम्योपैथिक विभाग के सहयोग से वृद्धाश्रम विनायकपुर में एक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त पैरालीगल वालंटियर साकेत सैनी ने प्रतिभाग किया। जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ दिलीप सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर के दौरान चिकित्सकों की टीम द्वारा वृद्धाश्रम के संवासियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा सभी वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार बीपी, शुगर, जोड़ों के दर्द, कमर दर्द, खुजली, बुखार एवं जुकाम आदि से संबंधित बीमारियों की निःशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। इसके अतिरिक्त चिकित्सकों द्वारा विभिन्न संक्रामक रोगों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की गई। शिविर में लगभग 75 लोगों का उपचार किया गया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉ. सौम्या शुक्ला, फार्मासिस्ट अजय सिंह, वार्ड ब्वाय इन्द्रसेन वर्मा एवं डीपीएम आयुष शिवम शुक्ला मौजूद रहे।

## संवाद कार्यक्रम को लेकर कौंग्रेस ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**चित्रकूट।** प्रयागराज में आगामी 10 जुलाई को आयोजित होने वाले कौंग्रेस नेता राहुल गांधी के छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिला कौंग्रेस समिति के कार्यकताओं ने मऊ और बरगढ़ क्षेत्र का भ्रमण कर जन जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान कौंग्रेस पदाधिकारियों ने युवाओं और छात्रों के बीच पहुंचकर उनसे सीधा संवाद किया। युवा कौंग्रेस के जिला अध्यक्ष अतुल तिवारी के साथ मिलकर जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने छात्रों से जुड़े ज्वलंत मुद्दों, विशेषकर भर्ती परीक्षाओं में पेपर लीक की बढ़ती घटनाओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी छात्रों की समस्याओं को लेकर गंभीर हैं और प्रयागराज में होने वाला संवाद युवाओं की आवाज को मजबूती प्रदान करेगा। जिलाध्यक्ष ने युवाओं का आह्वान किया कि वे बड़ी संख्या में प्रयागराज पहुंचकर इस कार्यक्रम का हिस्सा बनें। इस दौरान कार्यकताओं ने घर-घर जाकर लोगों को केंद्र व राज्य सरकार की नीतियों से अवगत कराया। इस मौके पर अजय द्विवेदी, अजीत मिश्रा, ललित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## गैविनाथ में कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित, छोटे किसानों को न्यूनतम किराये पर उपलब्ध होंगे कृषि यंत्र

**चित्रकूट।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मिलेट रिसर्च (आईआईएमआर) हैदराबाद के आर्थिक एवं तकनीकी सहयोग से दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा संचालित गैविनाथ सब्जी एवं दुग्ध कृषक उत्पादक संगठन बिरसिंहपुर में कस्टम हायरिंग केंद्र की स्थापना के लिए कृषि यंत्रों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में डीआरआई के संगठन सचिव अभय महाजन ने बताया कि कस्टम हायरिंग केंद्र के माध्यम से क्षेत्र के छोटे और सीमांत किसानों को महंगे कृषि यंत्र बेहद कम किराये पर उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे खेती की लागत घटेगी और कृषि कार्यों में तेजी आएगी। इससे किसानों की आय और आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कृषि विज्ञान केंद्र सतना के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. नवीन कुमार शर्मा ने कहा कि केंद्र की स्थापना से पारंपरिक खेती में आधुनिक तकनीक का समावेश होगा। विशेष रूप से मिलेट्स (मोटे अनाज) और सब्जी उत्पादन से जुड़े किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने में यह केंद्र सहायक सिद्ध होगा। इस दौरान कृषक उत्पादक संगठन को विभिन्न आधुनिक कृषि उपकरण सौंपे गए। इस मौके पर कोषाध्यक्ष बसंत पंडित, महाप्रबंधक डॉ अनिल जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# यूरोप में घुसा तालिबान, नाटो देश फिर खोलेगे दूतावास



**अफगानिस्तान**

**जिस** तालिबान से लड़ने के लिए अमेरिका और नाटो के देशों ने 20 साल तक जंग लड़ी आज उसी तालिबान का डेलीगेशन यूरोप के दिल ब्रसल्स में उन्हीं देशों के साथ एक मेज पर बैठा होगा। इतिहास ने करवट बदल ली है। ब्रसेल्स में यूरोपी संघ यानी कि इयू और तालिबान के बीच एक ऐसी गुप्त बैठक हुई है जिसने पूरी दुनिया को चौंका दिया। यह मुलाकात सिर्फ हाथ मिलाने तक नहीं थी। यहां शर्तों का एक ऐसा खेल शुरू हुआ जिसमें एक तरफ यूरोप की मदद है तो दूसरी तरफ तालिबान की कट्टरपंथी ने दिया। ब्रसल्स वो जगह है जहां नाटो का मुख्यालय है। वही नाटो जिसके सैनिकों ने अमेरिकी सेना के साथ मिलकर अफगानिस्तान की धरती पर तालिबान को जड़ से उखाड़ने के लिए दो दशक तक युद्ध किया। साल 2021 में अफगानिस्तान से विदेशी सेना की वापसी के करीब 5 साल बाद आज हालात ऐसे हैं कि यूरोप को तालिबान से बात करनी पड़ रही है और इस डेलीगेशन का नेतृत्व तालीबान के विदेश मंत्रालय के अधिकारी कर रहे हैं। ईयू के 15 सदस्य देशों के प्रतिनिधि इस बैठक में शामिल हुए। लेकिन सवाल यह था कि आखिर यूरोप को तालीबान की जरूरत क्यों पड़ गई और तालीबान क्यों यूरोप की दहलीज तक जा पहुंचा?

इन सबके बीच यूरोपीय संघ ने तालीबान के सामने साफ कर दिया कि अगर उन्हें आर्थिक मदद या फिर अंतरराष्ट्रीय मान्यता चाहिए तो उन्हें अपनी कट्टरपंथी इस्लामिक नीतियों को ढीला करना होगा। यूरोप की मुख्य शर्तें किस तरह हैं वो जरा आप ध्यान से सुनिए। तो पहली शर्त है महिलाओं की स्थिति। जी हां, अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा और काम करने की आजादी को बहाल करना होगा। दूसरी शर्त है मानवाधिकार। आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा और क्रूर सजाओं पर लगाम लगाई जाए। तीसरा है शरणार्थियों की वापसी। यूरोप में शरण ले चुके अफगान नागरिकों की सुरक्षित वापसी का रास्ता साफ करना होगा। यूरोप को डर है कि अगर अफगानिस्तान में हालात और खराब हुए तो शरणार्थियों का एक बड़ा सैलाब यूरोप की तरफ पड़ जाएगा जिसे संभालना उनके लिए बिल्कुल नामुमकिन सा हो जाएगा।

दरअसल ट्विस्ट यह है कि तालीबान के प्रवक्ता अब्दुल कहर बलखी ने इस बैठक के बाद जो कुछ कहा उसने सबको हैरान कर दिया। तालीबान का साफ कहना है कि वे अब कूटनीतिक संबंधों को सामान्य बनाना चाहते हैं। उनकी सबसे बड़ी शर्त और मांग यह है कि यूरोपी देश काबुल में अपने दूतावास को फिर से खोल दें। तालिबान जानता है कि अगर यूरोप के दूतावास काबुल में खुल जाते हैं तो उन्हें अघोषित मान्यता मिल ही जाएगी और यह नाटो देशों के लिए एक बड़ी दुविधा है। एक तरफ वे मानवाधिकारों की बात करते हैं तो दूसरी तरफ तालिबान उन्हें कूटनीतिक जाल में फंसाने की कोशिश कर रहा है। जहां एक तरफ कूटनीति की बातें हो रही हैं। वहीं नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मलाला यूसुफ जई ने यूरोप के इस कदम पर तीखा हमला बोला। मलाला जो खुद तालीबान के हमले का शिकार हुई थी। उन्होंने साफ कहा कि यूरोप को उस सत्ता को मान्यता देने जैसा कोई भी कदम नहीं उठाना चाहिए जिसने दुनिया में सबसे क्रूरता के साथ मानवाधिकारों का उल्लंघन किया हो। मलाला का यह बयान यूरोप के उन देशों के लिए भी एक आईना है जो सिर्फ अपने फायदे के लिए तालिबान से हाथ मिलाने के लिए मेज पर बैठ चुके हैं।

# लेबनान में भी भारी पड़ गया ईरान, वापस लौटेगी इजरायल की सेना?

**ईरान**

**इजरायल** चाहे कितना भी रौद्र रूप दिखा ले, कितनी भी बड़ी-बड़ी बातें कर ले, अपनी जिद पर अड़ने का स्वांग करें, लेकिन सच्चाई तो यह है कि लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इजरायल को हमले बंद करने पड़े हैं। यूनाइटेड नेशंस का बयान भी आ गया है कि 23 जून मंगलवार वो दिन था जिस दिन ना तो इजरायल ने साउथ लेबनान पर हिजबुल्ला पर अटैक किया और ना ही हिजबुल्लाह की तरफ से कोई एक्शन हुआ। यानी पूरे दिन अमन रहा, शांति रही। 2 मार्च को ईरान, अमेरिका इजरायल जंग के बीच हिजबुल्ला भी कूद पड़ा था और तब से 22 जून तक एक दूसरे पर हमलों का सिलसिला जारी रहा। यहां तक कि ईरान अमेरिका पीस डील का जब मसौदा तय हो रहा था तो ईरान ने साफ कह दिया था कि वह डील को तभी मानेगा जब लेबनान में हिजबुल्ला पर इजरायल के हमले रुकेंगे। अमेरिका ने भी बहुत प्रेशर बनाया लेकिन पीएम नेतन्याहू मान ही नहीं रहे थे।



हिजबुल्ला भी साउथ लेबनान में इजरायल का भरपूर जवाब दे रहा था। कई बार हिजबुल्लाह के चीफ नईम कासिम ने वीडियो पैगाम में कहा भी कि हिजबुल्ला हथियार डाल देगा। यह बात भूल जाओ। अपनी जमीन की रक्षा के लिए हिजबुल्लाह लड़ेगा आखिरी सांस तक लड़ेगा। चाहे कितनी भी लंबी लड़ाई लड़नी पड़ जाए। यही वजह रही कि जंग चलती रही लेबनान और नॉर्थ इजरायल के बीच। कभी ज्यादा, कभी कम, कभी हिजबुल्लाह अटैक कर रहा था तो कभी इजरायल। कभी इजरायल के फौजी मारे जा रहे थे तो कभी हिजबुल्ला के लड़ाके। कभी इजरायल के हमलों से साउथ लेबनान में इमारतें गिर रही थी तो कभी सिविलियन की जाने जा रही थी। लेकिन 23 जून को यह सब रुका रहा। इसकी वजह ईरान की फील्डिंग रही। स्विट्जरलैंड में जब ईरान अमेरिका के दरमियान बात हो रही थी तो ईरान का डेलीगेशन इसलिए भी उठकर बाहर निकल गया था क्योंकि इजरायल लेबनान पर हमले रोक नहीं रहा था और तो और बाद में स्विट्जरलैंड से ओमान की तरफ रवाना हो रहे डेलीगेशन के एक अहम प्रतिनिधि मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने चलते प्लेन में मीडिया को बताया था कि हम लोग बीच बैठक से उठकर इसलिए चले गए थे क्योंकि ट्रंप का धमकी वाला बयान आया जिसमें कहा गया था कि ईरान अगर अपने प्रॉक्सी हिजबुल्लाह को रोकता नहीं है तो हम ईरान पर दोबारा हमला करेंगे और जो लोग स्विट्जरलैंड से आए हैं ईरान की तरफ से वो भी जिंदा नहीं लौट पाएंगे।

# चीन के पड़ोस में भारत का बड़ा खेल, जयशंकर ने दुनिया को दिखाया

**चीन**

**चीन** के पड़ोस में भारत की मदद से 1.7 अरब डॉलर की एक ऐसी मेगा परियोजना तैयार हो रही है जो सिर्फ तेल नहीं बल्कि यूरेनियम सोना, तांबा और भविष्य की ताकत की कहानी लिख सकती है। एक ऐसा देश जो चीन और रूस के बीच स्थित है। एक ऐसा देश जिसकी जमीन के नीचे यूरेनियम, सोना, तांबा इतना ही नहीं लिथियम और रेयर अर्थ मिनरल्स का भी विशाल खजाना छिपा है। एक ऐसा देश जहां भारत सिर्फ दोस्ती नहीं निभा रहा बल्कि भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा और महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच का रास्ता भी अपना बना रहा है। इसी देश मंगोलिया पहुंचे हैं भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर। ऐसे में सवाल है कि आखिर भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगोलिया में भारत की 1.7 अरब डॉलर की रिफाइनरी परियोजना का निरीक्षण क्यों किया?



बता दें कि रूस और चीन के बीच स्थित एक लैंड लॉक्ड देश है। इसकी आबादी करीब 35 लाख है और यह दुनिया के प्रमुख बौद्ध देशों में गिना जाता है। भारत और मंगोलिया के रिश्ते सिर्फ कूटनीतिक नहीं है बल्कि सांस्कृतिक भी है। भारत मंगोलिया को अपना स्पिरिचुअल नेबर यानी कि आध्यात्मिक पड़ोसी भी मानता है। अब बात करते हैं भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर के दौरे की। दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने मंगोलिया की विदेश मंत्री के साथ और उनके कई शीर्ष नेताओं के साथ यहां पर मुलाकात की। उन्होंने कहा कि भारत मंगोलिया के साथ अपने करीबी और दोस्ताना रिश्तों को और भी ज्यादा मजबूत करने के लिए तैयार है। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा उस समय तेज हुई जब उन्होंने भारत की मदद से बन रही 1.7 अरब डॉलर की मेगा ऑयल रिफाइनरी परियोजना का निरीक्षण किया। डॉ. एस जयशंकर ने।

# पाक एयरस्पेस में घुसा एयर इंडिया का विमान, मचा हड़कंप!



**पाकिस्तान**

**एयरलाइन** ने बताया कि 22 जून को दिल्ली से पंजाब के अमृतसर जा रही एयर इंडिया की एक फ़्लाइट, अमृतसर एयरपोर्ट पर 'गो-अराउंड' प्रक्रिया के दौरान कुछ समय के लिए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में चली गई थी। एयर इंडिया ने एक बयान में कहा कि फ़्लाइट अक्म479 के क्रू ने उड़ान के दौरान पाकिस्तान के एयरस्पेस में थोड़ी-सी घुसपैठ की थी। एयरलाइन ने कहा 22 जून को दिल्ली से अमृतसर जा रही फ़्लाइट अक्म479 के क्रू ने अमृतसर एयरपोर्ट पर 'गो-अराउंड' (लैंडिंग रद्द करके दोबारा चक्कर लगाने) की प्रक्रिया के दौरान पाकिस्तान के एयरस्पेस में थोड़ी-सी घुसपैठ की थी।

शुरूआती जानकारी के मुताबिक, एयर ट्रैफि क कंट्रोल ने विमान को शुरू में 13 उ्टए (डिस्टेंस मेजरिंग इक्विपमेंट) पर होल्ड करने का निर्देश दिया था। हालाँकि, विमान अअफ की ओर बढ़ता रहा, उसने बाएँ मुड़कर इंटरनेशनल बॉर्डर पार कर लिया, जिससे वह कुछ देर के लिए पाकिस्तानी एयरस्पेस में चला गया। इस प्रक्रिया के दौरान विमान अळउ के निर्देशों का पालन नहीं कर पाया और बॉर्डर पार कर गया। एयर इंडिया ने कहा कि इस घटना की जानकारी संबंधित रेगुलेटरी अथॉरिटी को दे दी गई है और इसकी आंतरिक जांच की जा रही है।

एयरलाइन ने कहा कि घटना की जानकारी रेगुलेटरी अथॉरिटी को दे दी गई है और इसकी आंतरिक जांच की जा रही है। एयर इंडिया में यात्रियों और क्रू की सुरक्षा सबसे अहम है। एयर इंडिया ने उन हालात के बारे में और जानकारी नहीं दी जिनकी वजह से एयरस्पेस का उल्लंघन हुआ।

# जिगरी दोस्त रूस के सामने भारत को खड़ा करने की थी प्लानिंग, लेकिन मोदी...ट्रंप ने क्या खुलासा कर दिया

**अमेरिका**

**भारत** लंबे वक्त से चले आ रहे रशिया यूक्रेन वॉर को लेकर एक बड़ा दावा किया जा रहा है और सबसे बड़ी बात इस दावे में भारत का भी नाम सामने आ रहा है। दावा यह है कि अमेरिका में इस बात की चर्चा थी कि संभावित रशिया यूक्रेन सीजफायर के बाद यूक्रेन में भारतीय सैनिकों को भेजा जाएगा। दावा यह है कि अमेरिका के अंदर एक चर्चा के दौरान यूक्रेन में संभावित सीज फायर की निगरानी के लिए भारत के सैनिकों की तैनाती का सुझाव दिया गया था। किसने भारतीय सैनिकों को लेकर सुझाव दिया और अमेरिकी राष्ट्रपति ने क्या कुछ कहा। दरअसल यूक्रेन युद्ध को लेकर एक नई किताब सामने आई है।



जिसमें यह दावा किया गया है कि अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस चाहते थे कि यूक्रेन में युद्ध विराम की निगरानी के लिए यूरोप की बजाय भारत और सऊदी अरब जैसे देशों की सेना तैनात की जाए। लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने इस सुझाव को तुरंत खारिज कर दिया था। यह दावा 23 जून को रिलीज हुई किताब रिजीम चेंज में किया गया है। किताब के मुताबिक 30 जनवरी 2025 को वाइट हाउस में यूक्रेन युद्ध पर एक बैठक हो रही थी।

## डोनाल्ड ट्रंप की शक्तियों पर लगाई लगाम

**अमेरिका**

**अमेरिकी** सीनेट ने एक प्रस्ताव को मंजूरी दी। इस प्रस्ताव में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ईरान के साथ चल रहे टकराव से अमेरिकी सेना को हटाने का निर्देश दिया गया है। यह प्रशासन के सैन्य अधिकारों की आलोचना करने वाला एक दुर्लभ द्विदलीय (दोनों पार्टियों का) कदम है और इससे क्षेत्र में तनाव बढ़ने को लेकर कांग्रेस की चिंताएं भी जाहिर होती हैं। उठठ के अनुसार, यह प्रस्ताव 50-48 के वोट से पास हुआ। रिपब्लिकन सीनेटर रैंड पॉल, सुसान कॉलिन्स, लिसा मुर्कोव्स्की और बिल कैसिडी ने इस प्रस्ताव के समर्थन में डेमोक्रेट्स का साथ दिया। डेमोक्रेटिक सीनेटर जॉन फेटरमैन ने इस प्रस्ताव के खिलाफ वोट दिया। CNN की रिपोर्ट के मुताबिक, रिपब्लिकन सीनेटर मिच मैककोनेल और डेव मैककॉर्मिक की अनुपस्थिति ने भी इसके पास होने में भूमिका निभाई; इन दोनों ने पहले युद्ध से जुड़े अधिकारों के ऐसे ही प्रस्तावों का विरोध किया था। यह वोटिंग ऐसे समय में हुई है जब कांग्रेस के दोनों सदनों में डेमोक्रेट्स लगातार कोशिश कर रहे हैं कि राष्ट्रपति बिना कांग्रेस की मंजूरी के ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई न कर सकें। उठठ ने बताया कि हाल के हफ़्तों में कुछ रिपब्लिकन के बीच भी ऐसी कोशिशों के लिए समर्थन धीरे-धीरे बढ़ा है।

# इस्लामिक नाटो में एंट्री लेगा ईरान? पाकिस्तान से हो गया बड़ा ऐलान

**पश्चिम एशिया**

**ईरान** के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान पाकिस्तान की यात्रा के दौरान मुस्लिम देशों से एकजुट होने और एक नए क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे के निर्माण का आह्वान किया। उनके इस बयान ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने मुस्लिम देशों के बीच सहयोग और सुरक्षा साझेदारी को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के साथ संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया और फारस की खाड़ी में स्थाई शांति और सुरक्षा तभी संभव है जब क्षेत्र के देश आपसी सम्मान संवाद और सहयोग के आधार पर आगे बढ़े। पेजेश्कियान ने पाकिस्तान, सऊदी अरब, कतर, मिस्र और तुर्की समेत मुस्लिम देशों के साथ मिलकर एक नए क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे की बात की। यह बिल्कुल ठीक उसी तरीके से देखा गया जैसे पहले से नाटो है। उन्होंने यह भी कहा कि मुस्लिम देशों को साझा चुनौतियों और खतरों के खिलाफ अधिक समन्वय के साथ काम करना चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने मशहूर शायर अल्लामा इकबाल का भी उल्लेख किया और मुस्लिम एकता की आवश्यकता पर बल दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि हाल के सालों में क्षेत्रीय देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को लेकर कई तरह की चचाएं शुरू हुई हैं। हालांकि इस्लामिक नाटो जैसी अवधारणाओं पर अलग-अलग देशों की अपनी-अपनी प्राथमिकताएं और रणनीतिक चिंताएं रही हैं। इसलिए यह देखना



महत्वपूर्ण होगा कि क्या यह पहल किसी औपचारिक सैन्य या सुरक्षा गठबंधन का आरोप ले पाती है या फिर राजनीतिक और कूटनीतिक सहयोग तक सीमित रहती है। दूसरी ओर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने इस्लामाबाद और तेहरान के रिश्तों को भाईचारे और साझेदारी का उदाहरण बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने कठिन वक्त में एक दूसरे का साथ दिया है और अब आर्थिक, राजनीतिक तथा सुरक्षा सहयोग को और आगे बढ़ाने की जरूरत है।

दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों को नए स्तर पर ले जाने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या मुस्लिम देशों के बीच एक नया क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचा वास्तव में आकार ले पाएगा? और अगर ऐसा होता है तो इसका असर पश्चिम एशिया, फारस की खाड़ी, वैश्विक शक्ति संतुलन पर कितना व्यापक असर होगा? आने वाले महीनों में इस पहल पर क्षेत्रीय देशों की प्रतिक्रियाएं इन सवालों का जवाब तय करेगी। मुस्लिम देशों के बीच एक नए सुरक्षा ढांचे की चर्चा फिलहाल शुरूआती चरण में दिखाई देती है।

# ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर लाभ? यूएस संग डिलिवरी के बाद आईएईए ने यूरेनियम भंडार की जांच की

**संयुक्त राष्ट्र**

**संयुक्त** राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के प्रमुख के अनुसार, तेहरान और वाशिंगटन के बीच हाल ही में हुई अंतरिम डील के तहत ईरान की अहम परमाणु सुविधाओं की एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय जांच होने की उम्मीद है। इस घटनाक्रम को तनाव कम करने और क्षेत्र में नए परमाणु संकट को रोकने के मकसद से हुए अमेरिका-ईरान समझौते को लागू करने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। बुधवार को बोलते हुए, इंटरनेशनल एटॉमिक एनर्जी एजेंसी के महानिदेशक राफेल मारियानो ग्रोसी ने संकेत दिया कि एजेंसी के इंस्पेक्टर आखिरकार ईरान की यूरेनियम संवर्धन सुविधाओं तक पहुंच हासिल कर लेंगे, जो तेहरान की परमाणु गतिविधियों की निगरानी के लिए एक जरूरी शर्त है। उनके ये बयान अब तक के सबसे मजबूत संकेतों में से एक हैं कि हाल के दिनों में ईरान और अमेरिका दोनों की ओर से विरोधाभासी बयानों के बावजूद, जांच इस समझौते का एक अहम हिस्सा बनी हुई है।

### IAEA प्रमुख को भरोसा है कि इंस्पेक्शन होंगे

जापान के फुकुशिमा दाइची न्यूक्लियर पावर प्लांट के दौरे के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए, ग्रॉसी ने इंस्पेक्शन को लेकर वॉशिंगटन और तेहरान के अलग-अलग रुख को माना। हालांकि, उन्होंने जोर देकर कहा कि साइन किए गए समझौते में साफ तौर पर न्यूक्लियर से जुड़ी गतिविधियों पर क्अएअ की निगरानी की बात कही गई है। उन्होंने कहा कि मैं



राजनीतिक बयानों को समझ सकता हूँ, वे सच्चाई का हिस्सा हैं, लेकिन मैं आपको जिस बुनियादी बात की याद दिलाना चाहता हूँ और जिस पर आपका ध्यान खींचना चाहता हूँ, वह यह है कि दोनों राष्ट्रपतियों ने एक समझौता ज्ञापन पर साइन किए हैं। क्अएअ प्रमुख ने समझौते की उन शर्तों का भी ज़िक्र किया जो ईरान के न्यूक्लियर मटीरियल और सुविधाओं से जुड़ी न्यूक्लियर गतिविधियों की अंतरराष्ट्रीय निगरानी को जरूरी बनाती हैं। उन्होंने कहा, "समझौते में साफ तौर पर कहा गया है कि न्यूक्लियर मटीरियल और सुविधाओं से जुड़ी जो भी न्यूक्लियर गतिविधियाँ की जाएँगी, उनकी निगरानी क्अएअ करेगा - हर लिहाज से। ग्रॉसी ने भविष्य में होने वाले इंस्पेक्शन को लेकर भी कोई शक नहीं छोड़ा और कहाः "जाहिर है, ऐसा करने के लिए हमें इंस्पेक्शन करना होगा। चाहे यह परसों हो, एक हफ़्ते में हो या 10 दिनों में, यह जरूरी तो है, लेकिन सबसे अहम बात यह है कि यह होगा ही।

### ये जांच क्यों जरूरी हैं?

अंतरिम समझौते को लागू करने के लिए तय की गई जांच को बहुत अहम माना जाता है। समझौते की मुख्य शर्तों में से एक यह है कि ईरान को 'डाउनब्लेंडिंग' नाम की प्रक्रिया के जरिए अपने यूरेनियम स्टॉकपाइल (भंडार) के एनरिचमेंट लेवल को कम करना होगा। 2025 में इजराइल और ईरान के बीच 12 दिन तक चले संघर्ष के बाद से, क्अएअ के निरीक्षकों को कई एनरिचमेंट सुविधाओं तक जाने से रोका गया है; माना जाता है कि ईरान ने वहां बड़ी मात्रा में अत्यधिक एनरिच्ड यूरेनियम जमा कर रखा है। अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों के अनुमानों के अनुसार, अगर ईरान परमाणु हथियार बनाने की दिशा में आगे बढ़ता है, तो मौजूदा भंडार सैद्धांतिक रूप से कई परमाणु हथियारों के लिए काफी हो सकता है। ईरान ने परमाणु हथियार विकसित करने के किसी भी इरादे से लगातार इनकार किया है और उसका कहना है ।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा

## सम्पादकीय

# लापरवाही की लपटों में जलती जिंदगी: कब जागेगा तंत्र?

**उत्तर** प्रदेश की राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र में एक व्यावसायिक भवन में लगी भीषण आग ने केवल एक इमारत को नहीं जलाया, बल्कि शासन-प्रशासन की संवेदनहीनता, नियामक संस्थाओं की निष्क्रियता और व्यवस्था की खोखली पड़ चुकी जवाबदेही को भी उजागर कर दिया है। इस दुर्घटना में कोचिंग सेंटर के अनेक विद्यार्थियों की असामयिक मृत्यु ने पूरे देश को झकझोर दिया है। यह केवल एक हादसा नहीं, बल्कि उस सड़ी-गली व्यवस्था का परिणाम है, जो हर त्रासदी के बाद कुछ दिनों तक सक्रिय दिखती है और फिर गहरी नींद में सो जाती है। राजकोट के गेमिंग जोन में आग, दिल्ली के शिशु अस्पताल में नवजातों की मौत, दिल्ली के होटल अग्निकांड, मुजफ्फरपुर अस्पताल की दुर्घटना और अब लखनऊ का अग्निकांड-इन घटनाओं की श्रृंखला बताती है कि भारत में मानव जीवन का मूल्य लगातार घटता जा रहा है। हर बार वही बयान सुनाई देता है-"दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा", "जांच के आदेश दे दिए गए हैं", "कड़ी कार्रवाई होगी"। लेकिन प्रश्न यह है कि क्या जांच और मुआवजा ही शासन का अंतिम दायित्व है? क्या सरकारें केवल दुर्घटना के बाद शोक व्यक्त करने और मुआवजा बांटने के लिए हैं? इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर।

लखनऊ की जिस इमारत में आग लगी, वहां कोचिंग सेंटर और अन्य व्यावसायिक गतिविधियां संचालित हो रही थीं। यह अत्यंत गंभीर प्रश्न है कि क्या उस भवन को अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) प्राप्त था? क्या भवन निर्माण मानकों का पालन किया गया था? क्या वहां आपातकालीन निकास मार्ग उपलब्ध थे? यदि थे, तो वे उपयोग में क्यों नहीं आए? और यदि नहीं थे, तो इतने लंबे समय तक प्रशासन की नजर इस पर क्यों नहीं पड़ी? यह केवल भवन स्वामी की लापरवाही नहीं है। यदि कोई व्यावसायिक संस्थान नियमों की अनदेखी करते हुए वर्षों तक संचालित होता रहता है, तो स्पष्ट है कि कहीं न कहीं प्रशासनिक तंत्र की मौन सहमति या भ्रष्ट गठजोड़ सक्रिय है। आखिर नगर निगम, विकास प्राधिकरण, अग्निशमन विभाग और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी क्या है? क्या उनका कार्य केवल लाइसेंस जारी करना और औपचारिक निरीक्षण करना भर रह गया है? या कमियों को ढंकते हुए अपनी जैबें गर्म करते रहना है?

वास्तविकता यह है कि देश के अधिकांश शहरों में सार्वजनिक सुरक्षा भगवान भरोसे है। ऊंची-ऊंची इमारतें खड़ी हो रही हैं, लेकिन उनमें सुरक्षा मानकों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। बहुमंजिला भवनों में अक्सर एक ही प्रवेश एवं निकास मार्ग होता है। अग्निशमन उपकरण या तो अनुपस्थित होते हैं या वर्षों से निष्क्रिय पड़े रहते हैं। आपदा प्रबंधन की कोई नियमित मॉक ड्रिल नहीं होती।

# भरोसे के रिश्तों के कत्ल से कांपता समाज

**-: ललित गर्ग:-**

**पुणे** के लोहगढ़ किले की ऊंची पहाड़ी से मंगेतर केतन अग्रवाल को धक्का देकर हत्या करने के आरोप में सिया गोयल की गिरफ्तारी ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इससे पहले मेघालय में इंदौर के राजा रघुवंशी की हनीमून के दौरान कथित तौर पर पत्नी सोनम रघुवंशी द्वारा प्रेमी के साथ मिलकर की गई हत्या की घटना ने भी समाज को स्तब्ध किया था। ये घटनाएं केवल अपराध की श्रेणी में रखकर भुला देने योग्य नहीं हैं। ये उन मूल्यों, विश्वासों और रिश्तों की बुनियाद पर गहरा आघात हैं, जिन पर भारतीय समाज सदियों से खड़ा रहा है। भारतीय संस्कृति में विवाह केवल दो व्यक्तियों का संबंध नहीं, बल्कि दो परिवारों, दो संस्कृतियों और दो जीवन-दृष्टियों का मिलन माना गया है। विवाह को सात जन्मों का बंधन कहा गया है। ऐसे में यदि कोई पति, पत्नी, मंगेतर या प्रेमी एक-दूसरे को जीवन का साथी मानने के बजाय बाधा और कांटा समझने लगे, तो यह केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना के संकट का संकेत है।

राजा रघुवंशी और केतन अग्रवाल जैसे मामलों में सबसे अधिक विचलित करने वाला पक्ष यह है कि हत्याएं उन लोगों ने कीं, जिन पर सबसे अधिक विश्वास किया गया था। विश्वास का यह टूटना ही समाज को भयभीत करता है। किसी भी सभ्यता की शक्ति उसकी सैन्य या आर्थिक ताकत नहीं, बल्कि उसके रिश्तों में निहित भरोसा होता है। जब यह भरोसा टूटने लगता है, तब समाज भीतर से कमजोर होने लगता है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि यदि कोई युवती या युवक किसी रिश्ते से संतुष्ट नहीं है, तो क्या उसके सामने "ना" कहने का विकल्प नहीं था? आधुनिक समाज ने व्यक्तिगत स्वतंत्रता को पर्याप्त स्थान दिया है। सगाई तोड़ना, विवाह से इनकार करना, आपसी सहमति से अलग होना-ये सभी वैधानिक और सामाजिक विकल्प उपलब्ध हैं। फिर हत्या जैसी भयावह मानसिकता क्यों जन्म ले रही है? इस प्रश्न का उत्तर केवल कानून या पुलिस के पास नहीं है। इसके लिए समाजशास्त्रियों, मनोवैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, धमार्चार्यों और परिवार संस्थाओं को मिलकर मंथन करना होगा। आज का युवा एक ऐसे संक्रमणकाल से गुजर रहा है, जहां पारंपरिक मूल्य और आधुनिक जीवनशैली के बीच गहरा द्वंद्व मौजूद है। एक ओर परिवार की अपेक्षाएं हैं, दूसरी ओर व्यक्तिगत इच्छाएं। संवाद के अभाव में यह द्वंद्व कई बार मानसिक तनाव, विद्रोह और हिंसा का रूप ले लेता है। पिछले कुछ वर्षों में देश ने श्रद्धा वालकर हत्याकांड, निक्की यादव हत्याकांड, बेंगलुरु, दिल्ली और अन्य महानगरों में प्रेम-संबंधों से जुड़े अनेक जघन्य अपराध देखे हैं। इन घटनाओं ने स्पष्ट किया है कि प्रेम, विवाह और संबंधों को लेकर समाज में गहरी अस्थिरता एवं अविश्वास बढ़ रहा है। यह अस्थिरता केवल स्त्री या पुरुष तक सीमित नहीं है, दोनों पक्षों में हिंसक प्रवृत्तियां दिखाई दे रही हैं। मोबाइल संस्कृति और डिजिटल संसार ने इस संकट को और जटिल बनाया है। मोबाइल फोन, जो कभी दूरियों को समाप्त करने का माध्यम था, आज अनेक मामलों में षडयंत्र, छल और अपराध का साधन बनता जा रहा है। सोशल मीडिया ने तुलना, उपभोगवाद, त्वरित सुख और आभासी संबंधों को बढ़ावा दिया है। डिजिटल दुनिया में बने रिश्ते कई बार वास्तविक जीवन की जिम्मेदारियों और मयार्दाओं से कटे होते हैं। परिणामस्वरूप धैर्य, सहनशीलता और त्याग जैसी पारिवारिक जीवन की आवश्यक विशेषताएं कमजोर पड़ रही हैं। एक अन्य गंभीर पक्ष सांप्रदायिक अविश्वास और तथाकथित "लव जिहाद" जैसे विवादों के संदर्भ में भी सामने आता है। जब प्रेम, विवाह या संबंधों का उपयोग छल, पहचान छिपाने, धार्मिक परिवर्तन, आर्थिक शोषण अथवा भावनात्मक उत्पीड़न के लिए किया जाता है, तब केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि समुदायों के बीच विश्वास का भी हनन होता है। यह आवश्यक है कि किसी भी प्रकार के संबंध पारदर्शिता, स्वेच्छा,



समानता और ईमानदारी पर आधारित हों। पहचान छिपाकर, धोखे से अथवा किसी वैचारिक एजेंडे के तहत बनाए गए संबंध सामाजिक सौहार्द को चोट पहुंचाते हैं।

लेकिन इस विषय पर संतुलित दृष्टिकोण भी आवश्यक है। कुछ घटनाओं के आधार पर किसी सम्पूर्ण समुदाय को दोषी ठहराना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि सामाजिक सद्भाव के लिए भी घातक है। भारत की शक्ति उसकी विविधता और सांप्रदायिक सौहार्द में निहित है। सदियों से विभिन्न धर्मों, जातियों और संस्कृतियों के लोग यहां पारस्परिक सम्मान और विश्वास के आधार पर साथ रहते आए हैं। अतः किसी भी अपराध को अपराधी की व्यक्तिगत जिम्मेदारी के रूप में देखना चाहिए, न कि पूरे समुदाय की पहचान के रूप में। हमें प्रेम के नाम पर छल का विरोध करना चाहिए, लेकिन साथ ही सामाजिक सौहार्द और मानवीय एकता को भी अक्षुण्ण रखना होगा। आज सबसे बड़ी चुनौती परिवार संस्था को पुनः सशक्त बनाने की है। संयुक्त परिवारों के विघटन, महानगरीय जीवन, एकाकीपन और अत्यधिक व्यस्तता ने परिवार के भीतर संवाद को कम कर दिया है। माता-पिता और बच्चों के बीच संवादहीनता बढ़ रही है। बच्चों को भौतिक सुविधाएं तो मिल रही हैं, लेकिन भावनात्मक सुरक्षा और मूल्यपरक संस्कार कम होते जा रहे हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में केवल रोजगारपरक शिक्षा पर्याप्त नहीं है। वहां जीवन-कौशल, नैतिक शिक्षा, भावनात्मक संतुलन, संबंध प्रबंधन और पारिवारिक मूल्यों पर भी गंभीर कार्य होना चाहिए। युवा पीढ़ी को यह समझाना होगा कि प्रेम का अर्थ अधिकार नहीं-उत्तरदायित्व है, संबंध का अर्थ उपभोग नहीं-समर्पण है और मतभेद का समाधान हिंसा नहीं-संवाद है। धर्म और आध्यात्मिक संस्थाओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी धर्म प्रेम, करुणा, सत्य, अहिंसा और सह-अस्तित्व का संदेश देते हैं। यदि धार्मिक संस्थाएं युवा पीढ़ी को मानवीय मूल्यों, आत्मसंयम और संवाद की संस्कृति से जोड़ें, तो अनेक सामाजिक विकृतियों को रोका जा सकता है। आचार्य तुलसी, आचार्य महाप्रज्ञ, महात्मा गांधी और स्वामी विवेकानंद जैसे चिंतकों ने सदैव चरित्र, नैतिकता और आत्मानुशासन को समाज की आधारशिला माना। पुणे और मेघालय की घटनाओं ने हमें चेतावनी दी है कि यदि हम अभी नहीं चेते, तो रिश्तों का संकट और गहरा सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि हम परिवार, समाज और राष्ट्र-तीनों स्तरों पर विश्वास की पुनर्स्थापना का अभियान चलाएं। परिवारों में संवाद बढ़े, युवाओं को निर्णय की स्वतंत्रता के साथ जिम्मेदारी का बोध कराया जाए, डिजिटल संस्कृति पर संयम हो और सामाजिक-सांप्रदायिक सौहार्द को मजबूत बनाया जाए। सभ्यता की पहचान ऊंची इमारतों, तकनीकी प्रगति और आर्थिक समृद्धि से नहीं होतीय उसकी पहचान इस बात से होती है कि वहां लोग एक-दूसरे पर कितना भरोसा करते हैं। यदि भरोसा टूट गया, तो समाज की आत्मा घायल हो जाएगी। इसलिए आज का सबसे बड़ा राष्ट्रीय दायित्व है-रिश्तों के भरोसे को बचाना, मानवीय संवेदनाओं को पुनर्जीवित करना और प्रेम, विश्वास तथा सौहार्द की उस परंपरा को मजबूत करना, जिसने भारतीय समाज को सदियों से जीवंत बनाए रखा है।

आज भारतीय समाज जिस संक्रमणकाल से गुजर रहा है, उसमें रिश्तों का संकट केवल पति-पत्नी अथवा प्रेम-संबंधों तक सीमित नहीं रह गया है। एक ओर पुणे और मेघालय जैसी घटनाएं भरोसे के रिश्तों की हत्या कर रही हैं, तो दूसरी ओर प्रशासनिक लापरवाही के कारण अस्पतालों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थलों पर आगजनी एवं दुर्घटनाओं में मासूमों की मौतें व्यवस्था के प्रति जनता के विश्वास को तोड़ रही हैं। सांप्रदायिक तनाव, धार्मिक कट्टरता, पहचान छिपाकर बनाए जाने वाले संबंध, प्रेम के नाम पर छल और शोषण जैसी घटनाएं भी सामाजिक सौहार्द की नींव को कमजोर कर रही हैं। भौतिकता, उपभोक्तावाद और अंधी प्रतिस्पर्धा की आंधी ने संयम, सादगी, त्याग और पारिवारिक मयार्दाओं जैसे जीवन-मूल्यों को हाशिए पर धकेल दिया है। वहीं नशे का बढ़ता प्रचलन, शराब और मादक पदार्थों की लत युवा पीढ़ी को परिवार और समाज से काटकर हिंसा, अपराध और संवेदनहीनता की ओर ले जा रही है। जब समाज में व्यक्ति अपने स्वार्थ, वासना और तात्कालिक सुख को ही सर्वोच्च मानने लगे, तब रिश्ते साधना नहीं, सौदे बन जाते हैं। ऐसी स्थिति में आवश्यक है कि परिवार, शिक्षा, धर्म, मीडिया और शासन-सभी मिलकर मानवीय मूल्यों, पारदर्शिता, संवाद, नैतिकता और पारस्परिक सम्मान की संस्कृति को पुनर्जीवित करें। क्योंकि यदि मानवीय रिश्तों की बुनियाद ही हिल गई, तो न केवल परिवार टूटेंगे, बल्कि सामाजिक सौहार्द, राष्ट्रीय एकता और सभ्यता का पूरा ढांचा भी संकट में पड़ जाएगा।

# बैंकिंग कर्ज के बड़े बकायेदरों पर ताबड़तोड़ कुर्की की कार्यवाई से लिस्टेड कर्जदारों की नींद हराम

**सुल्तानपुर भदैंया** ब्लॉक के कामतागंज बाजार स्थित ग्रामीण बैंक के कर्जदारों पर ताबड़तोड़ चल रही कुर्की की कार्रवाई, पखवाड़े भर के अंदर चौथी कुर्की का आदेश जारी, बैंक सर्किल की क्षेत्रीय ग्राम सभा बभनगंवा और अभिया कला से तीन बड़े बकायेदारों की कुर्की की कार्रवाई होने के बाद, चौथे बड़े बकायेदार प्रयाग दीन पांडेय सुत रामकिशोर पांडेय ग्राम लाखीपुर के खिलाफ जारी हुआ कुर्की का आदेश, बैंक प्रबंधन के अनुसार 3 लाख 65 हजार 3 सौ 74 + ब्याज के बकाए पर, बार - बार सूचना देने



के बावजूद बैंक शाखा से संपर्क ना करना उपभोक्ता को पड़ा भारी, तदोपरांत एसडीएम लंभुआ प्रीति जैन ने सख्ती दिखाते हुए, तहसीलदार प्रांजल त्रिपाठी की निगरानी में गाटा संख्या 184, 203 व 204 लगभग 2.23 हेक्टेयर भूमि कुर्क करने का आदेश किया जारी, क्षेत्रीय संग्रह अमीन लाल बहादुर दुबे व उनकी टीम ने आदेश को अमल में लाते हुए बताया कि, उक्त कुर्क की गई जमीन को उपभोक्ता द्वारा किसी भी प्रकार के हस्तांतरण बिक्री व दान आदि पर नहीं रह गया है कोई अधिकार, सूत्रों के अनुसार अभी कुछ और बड़े बकायदारों पर जल्द ही जारी हो सकता है कुर्की का आदेश, विश्वस्त सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में कुर्क की गई ।

# जन संवाद एवं चौपाल में गरजे सुल्तानपुर विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह

**सुल्तानपुर**

विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह आज भी जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी के साथ भ्रमणकर क्षेत्रवासियों से मिले। इस दौरान उनका अलग ही रूप देखने को मिला, उन्होंने साफ कहा कि अब समय बदल चुका है, देश में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में यशस्वी मुख्यमंत्री महराज योगी आदित्यनाथ जी की सरकार है। विकास के साथ साथ हमें हिंदू हितों का भी ध्यान रखना है। हमारे लिए हिंदू हित सर्वोपरि है। विनोद सिंह ने कहा जो हिंदू हित की बात करेगा,




वही यहां राज करेगा। उन्होंने कहा कि जब सरकार बिना किसी जाति धर्म को देखे लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दे रही है, तो हमारा भी कर्तव्य है कि सारे राग द्वेष को छोड़कर हम उनका साथ दें और देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएं।

दरअसल विधायक विनोद सिंह जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी के साथ दूबेपुर ब्लाक के बहरौली गांव पहुंचे हुए थे और प्रधान प्रतिनिधि विनय कुमार सिंह सोनू की अगुवाई में आयोजित जन संवाद एवं चौपाल कार्यक्रम के जरिए ग्रामीणों से रूबरू थे। विनोद सिंह ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि क्षेत्र की जो भी जन समस्याएं हैं उसका निदान करवाना उनका परम लक्ष्य है, इसके लिए वे प्रशासन से लेकर शासन तक उस कार्य को पूरा करवाने के लिये संकल्पबद्ध हैं, लेकिन इसके लिए आप सब एकजुटता एवं साथ दोनों जरूरी है।

इसके साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और उसका निस्तारण भी करते नजर आए।इसके बाद विधायक विनोद सिंह कुट्टा गांव पहुंचे और सचिन सिंह के पिता जी की तेरहवीं में शामिल हुए और परिवार से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही वहां मौजूद लोगों से मिले और हालचाल लिया।

# कड़ी सुरक्षा के बीच मदनपुर पनियार में निकला ताजिया जुलूस, शांतिपूर्ण माहौल में कर्बला की ओर बढ़ा

**सुल्तानपुर** जिले के लम्भुआ कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर पनियार ग्राम पंचायत में मुहर्रम के अवसर पर ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया। निर्धारित मार्ग से गुजरते हुए ताजिया कर्बला की ओर बढ़ा, जहां बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे। पूरे जुलूस के दौरान पुलिस प्रशासन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सतर्क दिखाई दिया। लम्भुआ कोतवाली पुलिस पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा और जुलूस के मार्ग पर लगातार निगरानी रखी गई। अधिकारियों ने



स्वयं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया, जिससे किसी भी प्रकार की अव्यवस्था या अप्रिय घटना की आशंका नहीं रही। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन का सहयोग करते हुए आपसी भाईचारे और सौहार्द का परिचय दिया। कड़ी सुरक्षा और प्रशासनिक निगरानी के बीच ताजिया जुलूस शांतिपूर्ण माहौल में कर्बला पहुंचा।

# या हुसैन की सदाओं से गूंज उठा नगर , अकीदत और मातम के बीच निकले भव्य ताजिया जुलूस

**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के सभी थाना अंतर्गत माहे मोहर्रम के अवसर पर शुक्रवार को ताजिया जुलूस निकला। पूरा नगर क्षेत्र गम-ए-हुसैन में डूबा नजर आया। नगर की गलियों, चौक-चौराहों और प्रमुख मार्गों पर "या हुसैन" की गूंज के साथ मातमी माहौल छाया रहा। अकीदतमंदों ने कर्बला के शहीदों, हजरत इमाम हसन और हजरत इमाम हुसैन की याद में बड़े अदब और एहतराम के साथ ताजिया जुलूस निकाले।

मुहम्मदाबाद नगर के यूसुफपुर फाटक, लाठी मोड़, जफरपुरा, जामा



मस्जिद, सदर रोड, अग्रवाल टोली, पोखरा मोहल्ला सहित विभिन्न इलाकों से निकले ताजियों ने लोगों का ध्यान अपनी भव्य सजावट और आकर्षक स्वरूप से खींचा। जगह-जगह लोगों ने जुलूस का स्वागत कर शर्बत और पेयजल की व्यवस्था की, जिससे गंगा-जमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द की सुंदर मिसाल देखने को मिली।

यूसुफपुर के लाठी मोड़ पर उस समय भावुक और ऐतिहासिक दृश्य देखने को मिला, जब करीब 35 से 40 ताजिए एक साथ पहुंचे और पारंपरिक लाठी मिलनी की रस्म अदा की गई। "या हुसैन" और "हाय हुसैन" की सदाओं के बीच हजारों श्रद्धालुओं ने नम आंखों से कर्बला के शहीदों को खिराज-ए-अकीदत पेश किया।

मातमी अंजुमनों ने पूरे जुलूस के दौरान नौहाखानी और मर्सियाखानी के जरिए कर्बला की दर्दनाक दास्तां को जीवंत कर दिया। गमगीन आवाजों और मातम के बीच अकीदतमंद देर रात तक इमामे हुसैन की शहादत को याद करते रहे। इसके साथ ही नगर के विभिन्न स्थानों पर पारंपरिक लकड़ी का खेल, बनेटी और अन्य हैरतअंगेज करतबों का भी प्रदर्शन किया गया, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। देर रात तक सभी ताजिया जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से होते हुए कर्बला पहुंचे, जहां नौहा, सलाम, मातम और फातिहा का सिलसिला जारी रहा।

# बाराचवर ब्लाक में अवैध अल्ट्रासाउंड एवं जांच केंद्र संचालन का आरोप, स्वास्थ्य विभाग के नियमों की खुलेआम उड़ाई जा रही धज्जियां।



**अखंड भारत संदेश**

**गाजीपुर। जनपद** के करीमुद्दीनपुर थाना क्षेत्र एवं विकासखंड बाराचवर के अंतर्गत दुबिहा मोड़ क्रॉसिंग के समीप संचालित एक निजी अल्ट्रासाउंड एवं जांच केंद्र को लेकर क्षेत्र में गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि "विवेक सिंह पैथोलॉजी" के नाम से संचालित इस केंद्र पर स्वास्थ्य विभाग के नियमों एवं मानकों की अनदेखी करते हुए फर्जी एवं अवैध तरीके से विभिन्न प्रकार की जांचें तथा अल्ट्रासाउंड किए जा रहे हैं।क्षेत्रीय नागरिकों के अनुसार संबंधित केंद्र पर आवश्यक मान्यता, पंजीकरण एवं निर्धारित चिकित्सा मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। आरोप है कि यहां योग्य एवं अधिकृत चिकित्सकों के स्थान पर बिना मान्यता प्राप्त व्यक्तियों तथा कथित झोलाछाप डॉक्टरों को बैठाकर मरीजों का परीक्षण कराया जा रहा है, जिससे आम जनता के स्वास्थ्य एवं जीवन पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।स्थानीय लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित दिशा-निर्देशों और कानूनों को दरकिनार कर लंबे समय से यह गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इसके बावजूद अब तक संबंधित विभाग द्वारा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।ग्रामीणों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने जिला प्रशासन, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित केंद्र के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ न हो सके।क्षेत्रीय समुदाय का मानना है कि स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर यदि अवैध रूप से कारोबार संचालित किया जा रहा है तो यह न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि आम जनता के विश्वास के साथ भी धोखा है। ऐसे मामलों में प्रशासन को तत्काल संज्ञान लेकर जांच करानी चाहिए ।

# दसवीं मुहर्रम पर गोपीगंज नगर व ग्रामीण क्षेत्रों से करबला पहुंचे ताजिए, सुपुर्द-ए-खाक; अखाड़ों ने किया शस्त्र कला का प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**

**गोपीगंज। नगर** व ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को यौम-ए-आशूरा दसवीं मुहर्रम का जुलूस अकीदत व एहतराम के साथ निकाला गया। 'या हुसैन, या हुसैन' की सदाओं के बीच जुलूस गिराई स्थित करबला पहुंचा, जहां इमाम चौक पर रखे गए ताजिए सुपुर्द-ए-खाक किए गए। नौवीं मुहर्रम की शाम इमाम चौक पर ताजिए रखे गए थे। नजर-ओ-नियाज का क्रम देर रात तक चला। दसवीं मुहर्रम को जुलूस निकाला गया। पहला जुलूस चुड़िहारी मोहाल से अखाड़ा शेख सलामत की ओर से निकला, जिसमें मेवड़ापुर, सोनिया



तालाब नई बस्ती से बज्मे सुन्नत कमेटी अखाड़ा के साथ अमवा, अमानाबाद व गोपपुर के ताजियादार अपने ताजियों के साथ शामिल हुए। दूसरा जुलूस धूम खां अखाड़ा पश्चिम मोहाल से निकला, जिसमें भगवतपुर, गिराई, गहरपुर, कौलापुर, डेरवा, बरजी व मूलापुर के जुलूस शामिल हुए।

ढोल-ताशा के साथ निकले जुलूस में सभी इमाम चौक के ताजियादार अलम, दुलदुल व ताजिए के साथ शामिल हुए। अखाड़ों के खिलाड़ियों ने जगह-जगह फन-ए-सिपहगिरी का प्रदर्शन किया। शेख सलामत अखाड़े के जुलूस में 21 ताजिए शामिल रहे, जो दोपहर एक बजे तक करबला पहुंच गए। धूम खां अखाड़े के जुलूस में करीब दो दर्जन ताजिए रहे, जो देर शाम करबला पहुंचे।जुलूस में महिलाओं-पुरुषों की भारी भीड़ उमड़ी। सुरक्षा के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।नगर पालिका परिषद की ओर से सफाई व पेयजल की विशेष व्यवस्था की गई थी।शेख सलामत के जुलूस में अखाड़ेदार अच्छू खान, हाजी लाल मोहम्मद, मुमताज बल्ला, एनुलहक, आशू खान, गुलाम मुस्तफा, अफरोज अली पप्पू आदि शामिल रहे। धूम खां के जुलूस में अखाड़ेदार मोहम्मद हनीफ, भरतलाल, हैदर अली, रिजवान, सैफ, अल्तास के साथ नगर व ग्रामीण क्षेत्र के ताजियादार मौजूद रहे।